卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐ॐ卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 15 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦22 अक्टूबर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in


## अष्टम नवरात्र




नवरात्र के आठवें दिन मां भगवती के महागौरी स्वरूप की पूजा की जाती है। इस दिन कन्या पूजन करने से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है।

# उत्तराखण्ड पुलिस की फेसबुक आईडी हुई हैक, मचा हड़कम्प

### फेसबुक पेज पर पुलिस के लोगों की जगह लगा दी युवती की अश्लील फोटो

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रदेश में साइबर अपराधियों का आतंक बढ़ता जा रहा हैं आये दिन साईबर अपराधी लोगों की खून पसीने की कमाई को लूट रहे हैं। अब साईबर अपराधियों ने उत्तराखंड पुलिस के आधिकारिक फेसबुक पेज को हैक करके महकमे को बड़ी चुनौती दी है। एसटीएफ और साइबर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस का आधिकारिक फेसबुक पेज हैक होने की खबर वायरल होते ही पुलिस में




हड़कंप मच गया, जिसके बाद पुलिस ने तुरंत फेसबुक आईडी की डीपी को बदला। जानकारी के मुताबिक साइबर अपराधियों ने पुलिस को खुली चुनौती देते हुए कहीं से पासवर्ड और लॉगिन आईडी हासिल कर फेसबुक की डिस्प्ले पिक्चर बदल दी। पुलिस का लोगो हटाकर एक युवती की अश्लील फोटो डीपी पर लगा दी गयी। कुछ ही देर में लोगों ने इस पर कमेंट करने शुरू कर दिए। जब पुलिस अधिकारियों को इसकी जानकारी मिली तो महकमे में हड़कम्प मच गया। आनन फानन में कुछ देर बाद (शेष पृष्ठ सात पर)

# स्कूटी खाई में गिरने से दो युवकों की मौत

### गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर दर्दनाक हादसा

उत्तरकाशी(उद संवाददाता)। गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्कूटी अनियंत्रित होकर खाई में गिर गयी। हादसे में स्कूटी सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद खाई से दोनों शवों को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हादसा शनिवार देर रात हुआ। गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर पोखू देवता के पास एक स्कूटी अचानक अनियंत्रित होकर खाई में गिर गयी। आस पास के लोगों ने सूचना पुलिस को दी जिस पर पुलिस सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस के साथ मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। दोनों शवों को जिला अस्पताल लाया गया। दोनों मृतकों में से एक की पहचान 26 वर्षीय विवेक पुत्र जयप्रकाश निवासी ग्राम बड़ेथी, उत्तरकाशी के रूप में हुयी। जबकि दूसरे व्यक्ति की पहचान नहीं हो पा पायी है। पुलिस उसकी शिनाख्त के प्रयास कर रही है। फिलहाल दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# लाखों की ठगी के मामले में फरार ईनामी ठग दबोचा

हल्द्वानी (नैनीताल)। एसटीएफ ने लोगों से लाखों की ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक जेकेवी मल्टी क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी में निवेश का झांसा देकर लाखों रुपये हड़प कर फरार हुए शातिर ठग विकासनाथ त्रिपाठी निवासी बहराइच (यूपी) को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया है। उस पर 25 हजार का ईनाम घोषित था। आरोपी पर खटीमा और हल्द्वानी के अलावा यूपी के कई जिलों में धोखाधड़ी के 16 मुकदमे दर्ज हैं। उसे खटीमा कोतवाली के हवाले कर दिया है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गये विकास नाथ त्रिपाठी ने खटीमा में करीब सवा करोड़, हल्द्वानी में करीब 90 लाख रूपये का गबन किया गया था। पलिस ने विकासनाथ को गाजीपुर के एक होटल से गिरफ्तार किया है। एसएसपी नैनीताल ने 25 अगस्त को उस पर 25000 रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस लम्बे समय से उसकी तलाश कर रही थी।

# छत से धक्का देकर साथी की हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भदईपुरा में बीते दिनों साथी को छत से धक्का देकर मौत के घाट उतारने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। बता दें भदईपुरा में बीते दिनों नेपाल पुत्र राम भरोसे निवासी भदईपुरा का शव मोहल्ले में ही संदिग्ध हालातों में लहुलूहान हालत में



बरामद किया गया था। मामले में भदईपुरा शनि मंदिर के पास वार्ड 14 निवासी मृतक की बहन ममता पत्नी स्व0 चन्द्रपाल ने पुलिस को तहरीर देकर कहा था कि उसके भाई नेकपाल पुत्र राम भरोसे को 18 अक्टूबर की रात्रि करीब 11बजे नागेश साहनी निवासी भदईपुरा को बुलाने आया था और नेकपाल को घर से ले गया। जिसके बाद रात्रि करीब एक (शेष पृष्ठ सात पर)

# महिला कारोबारी के खाते से उड़ाये एक लाख

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक महिला कारोबारी के खाते से एक लाख रूपये निकाल लिए जाने का मामला सामने आया है। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में श्रीरामुलू मीनाषी पत्नी फोसू बाबू निवासी एलाइन्यस कालोनी ने कहा है कि उसकी फर्म मीनाषी लोजिस्टीक का खाता एचडीएफसी बैंक शाखा में है। अज्ञात व्यक्ति द्वारा फर्म के खाते से गत 15 जून व 17 जून को 50- 50 हजार कुल एक लाख रूपये की धोखाधड़ी कर निकाल लिये गये है। जिसका कुछ पता नही चल पा रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# महिला ने प्रबंधक पर लगाया दुष्कर्म करने का आरोप

लालकुआं। लालकुआं विधानसभा क्षेत्र के गौलापार स्थित एक फर्म में नौकरी करने वाली महिला ने प्रबंधक पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए पुलिस अधिकारी से शिकायत से की है। सीओ बीएस धोनी का कहना है कि मामले में काठगोदाम थाने को जांच के आदेश दिए गए हैं। महिला का कहना है कि मैनेजर ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी है। जब फर्म स्वामी को शिकायत की गई तो वह सहयोग के बजाय उल्टा डांटने लगा। महिला का आरोप है कि कई अन्य महिलाओं का भी शोषण हुआ है।

# मुख्यमंत्री धामी कल नानकमत्ता में करेंगे दुर्गा पूजा का शुभारंभ

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कल नानकमत्ता में आयोजित बंगाली कॉलोनी की दुर्गा पूजा मंदिर के शुभारंभ में शामिल होंगे। जानकारी देते हुए क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉक्टर प्रेम सिंह राणा ने बताया कि बंगाली कॉलोनी समिति द्वारा दुर्गा पूजा एवं दुर्गा मंदिर का उद्घाटन किया जाना है, जिसके लिए दुर्गा कमेटी के अध्यक्ष सुरंजन राय द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री धामी को आमंत्रित किया गया है। श्री राणा ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने ननौता बंगाली कॉलोनी समिति के दुर्गा पूजा शुभारंभ के लिए आने के लिए अनुमति दे दी है। जिसको लेकर बंगाली कॉलोनी समिति के लोगों में काफी उत्साह का माहौल है, हालांकि आधिकारिक तौर पर अभी मुख्यमंत्री का कार्यक्रम नहीं आया है लेकिन मुख्यमंत्री के आने का कार्यक्रम तय माना जा रहा है। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर दुर्गा पूजा कमेटी प्रशासन भी चौकस हो गया है। बता दें दुर्गा पूजा कमेटी बंगाली कॉलोनी द्वारा बंगाली कॉलोनी में एक भव्य दुर्गा मंदिर का निर्माण किया गया है, जिसका उद्घाटन करने के लिए मुख्यमंत्री को निमंत्रण दिया गया है।




नैनं छिन्दति शस्त्राणि, नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारूतः।।



**श्री हरी चंद मिड्ढा जी**

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूजनीय पिताजी **श्री हरी चंद मिड्ढा जी** का स्वर्गवास 12 अक्टूबर 2023 को हो गया था।

**रस्म पगड़ी दिनांक 23 अक्टूबर दिन सोमवार को दोपहर 01.00 बजे से 03.00 बजे होटल रूद्रा कॉन्टिनेंटल में संपन्न होगी।**

**दुःखशोक संवेदना से,**
बाल कृष्ण मिड्ढा–कमलेश मिड्ढा (पुत्र–पुत्रवधु)
रमेश मिड्ढा–शोभा मिड्ढा (पुत्र–पुत्रवधु)

श्रीमती सुनीता एवं स्व. राकेश चुघ (पुत्री–दामाद)
श्रीमती चंचल एवं श्री विनोद मिगलानी (पुत्री–दामाद)
श्रीमती ममता एवं श्री राजेश बाठला (पुत्री–दामाद)
श्रीमती पूनम एवं स्व. हरीश बजाज (पुत्री–दामाद)
श्रीमती स्मृती एवं श्री पुनीत गुलाटी (पौत्री–पौत्री दामाद)
श्रीमती दीक्षा एवं श्री नवीन दूसेजा (पौत्री–पौत्री दामाद)
श्रीमती सुरभी एवं श्री विजय मिड्ढा (पौत्रवधु–पौत्र)
श्रीमती स्वाति एवं श्री क्षितिज मिड्ढा (पौत्रवधु–पौत्र)
श्रीमती स्व. अंशु एवं श्री अनुज मिड्ढा (पौत्रवधु–पौत्र)
श्रीमती सरगम एवं श्री अक्षत मिड्ढा (पौत्रवधु–पौत्र)
ईशान, श्रेयन (पड़पौत्र)
निर्वी, अवनि, तारा,गुरबानी (पड़पौत्री)



**दसवां/रस्म पगड़ी**



बड़े दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पति **श्री श्याम लाल अनेजा** का स्वर्गवास दिनांक 14.10.2023 को हो गया है, जिनका **दसवां/रस्म पगड़ी दिनांक 23.10.2023 दिन सोमवार** को दोपहर 12 से 1 बजे तक **ओम बापू मंदिर ,गदरपुर** में संपन्न होगी।

**दुखित परिवार**

कान्ता–दिनेश बत्रा (बेटी–दामाद)
स्व. नीलम छाबड़ा–सतीश छाबड़ा (बेटी–दामाद)
रजनी–हरीश तनेजा(बेटी–दामाद)

**निवास:** ग्राम कुलवन्त नगर, गदरपुर,
मो. 9927209515, 9837622662

**फूला रानी ( पत्नी )**
अनिल अनेजा–ममता (पुत्र–पुत्रवधू)
कमल कुमार–गीता (पुत्र–पुत्रवधू)
राजेश कुमार–पूजा (पुत्र–पुत्रवधू)
महेन्द्र पाल, सूरज प्रकाश (भाई)
डा. हिमांशु अनेजा (भतीजा)



GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR
SALE, PURCHASE
RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

# सचिव विनोद कुमार ने रात्रि चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं

किच्छा/कनकपुर (उद संवाददाता)। सचिव सचिवालय प्रशासन, सामान्य प्रशासन, राज्य सम्पत्ति एवं प्रोटोकॉल सचिव विनोद कुमार सुमन ने सरकार की मंशा के अनुरूप सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत रात्रि में राजकीय इण्टर कॉलेज कनकपुर पहुंचकर रात्रि चौपाल लगाकर जनसमस्याएं सुनी। उन्होंने कहा कि दूरस्थ के एवं निर्धन व्यक्ति जो सरकार एवं शासन तक नहीं पहुँच पाते हैं, ऐंसे व्यक्तियों के लिए राज्य सरकार ने 'सरकार जनता के द्वार' कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी स्तर के अधिकारियों को भी ग्राउण्ड स्तर पर रात्रि चौपाल हेतु निर्देशित किया गया है। श्री सुमन ने कहा कि डिमांड से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाएगा। शासन स्तर की समस्याओं को सम्बन्धित विभागों के सचिवों के सम्मुख रखा जायेगा और विचार-विमर्श के पश्चात सार्थक निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी व्यक्ति सजग रहकर राज्य और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं तथा अन्य पात्रों को भी प्रेरित करें।श्री सुमन ने कहा कि तकीनीकि के इस दौर में





सूचनाओं का आदान प्रदान बहुत तेज गति से होता है। उन्होंने कहा कि तकनीकि के इस दौर में गूगल पर लगभग सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी उपलब्ध है। उन्होंने सभी व्यक्तियों से मोबाइल का सकारात्मक दिशा में उपयोग करते हुए योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने को कहा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए पात्र व्यक्ति को आवेदन जरूर करना होगा, क्योंकि बिना आवेदन किये किसी भी योजना का लाभ नहीं उठाया जा सकता है। उन्होंने वर्ग-4 की भूमि से सम्बन्धित प्रकरण में उदाहरण देते हुए कहा कि जो व्यक्ति स्वंय अपना काम नहीं करना या कराना चाहता हो, उस व्यक्ति की मदद भगवान भी नहीं कर सकते हैं, व्यक्ति को कार्य के लिए स्वंय कुछ न कुछ प्रयास अवश्य करना होगा। उन्होंने समस्याओं के निस्तारण हेतु सरलीकरण, समाधान, निस्तारण एवं संतुष्टि के आधार पर सभी समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जो समस्या जिस स्तर की है, उसका उसी स्तर पर समाधान हो जाना चाहिए। रात्रि चौपाल में जल निकासी, सड़क किनारे लाइट लगवाने, पीएम आवास योजना में आवास चाहने, सामाजिक पेंशन आदि से सम्बन्धित मुद्दे छाये रहे।प्रमुख समस्याओं में मीना देवी ने विद्यार्थियों के खेलने के लिए मैदान की व्यवस्था करने, संगीता ने पीएम आवास योजनान्तर्गत आवास चाहने, गुरविन्दर सिंह ने भू-कटाव रोकने, पप्पू प्रसाद, शिव कुमार ने रोड पर सौलर लाइट लगवाने, रामवचन, बाबू राम ने वृद्धावस्था पेंशन चाहने, जयन्ती देवी ने इन्द्रा आवास योजना में आवास चाहने, अमित कुमार ने रोड निर्माण, बलविन्दर कौर ने पानी की निकासी, जसविन्दा ने रा.इ.कॉलेज में रात्रि चौकीदार की व्यवस्था करने ने आदि से सम्बन्धित समस्याएं रखी।रात्रि चौपाल में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, मनीष बिष्ट, गौरव पाण्डे, पीडी हिमांशु जोशी, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्यौमा जैन, सीएचओ भावना जोशी, जिला सेवायोजना अधिकारी आरके पन्त, ग्राम प्रधान जसवन्त सिंह सहित क्षेत्रीय जनता व जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

# ठुकराल ने किया अनेक स्थानों पर दुर्गा पूजा का शुभारंभ

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने हरिदासपुर, धर्मनगर समेत कई स्थानों पर दुर्गा पूजा महोत्सव में पहुंचकर सभी के लिए सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर आयोजकों ने पूर्व विधायक ठुकराल का जोरदार स्वागत करते हुए उन्हें अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि दुर्गा पूजा का हिंदू संस्कृति में विशेष महत्व है। यह पर्व बुराईयों को त्यागने और अच्छाईयों को ग्रहण करने का संदेश देता है। उन्होंने कहा धार्मिक पर्व हमें अपनी संस्कृति से जुड़ने का अवसर देते हैं। पाश्चात्य सभ्यता से ग्रसित व दूषित हुए भारतीय समाज में भारतीय संस्कृति व सभ्यता तथा जीवन




दर्शन को पुर्नस्थापित करने हेतु ईश्वरीय अराधना वव धार्मिक जनजागरण अति आवश्यक है क्यों कि विदेशी पाश्चात्य शक्तियां भारतीय संस्कृति व हमारा हिंदू धार्मिक ताना बाना ध्वस्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि समग्र हिंदू समाज को अपनीभारतीय सभ्यता व संस्कृति को जीवित रखने के उद्देश्य से आने वाली पीढ़ी को देवी देवताओं की उपासना का ज्ञान कराना अति आवश्यक हो गया है ताकि युवा पीढ़ी अन्य भ्रामक दिशाओं की ओर न भटकें। इस अवसर पर समाजसेवी हिमांशु सरकार, पूर्व ग्राम प्रधान मनोज मिस्त्री, राजकुमार, लंबाखेड़ा ग्राम प्रधान विक्रम सिंह, पूर्व ग्राम प्रधान महेशपुर मुकेश कुमार ,अंकित बाटला ,विजय सरदार, अनिल सिकदर, बंटी कोली आदि सहित तमाम लोग मौजूद थे।

# निरंकारी संत समागम 28 से हरियाणा में

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा हरियाणा के विशाल मैदानों में आगामी 28 से 30 अक्तूबर तक 76 वां वार्षिक निरंकारी संत समागम आयोजित किया जा रहा है।यह आध्यात्मिक संत समागम सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के पावन सान्निध्य में भव्यता पूर्ण आयोजित होगा। इस पावन संत समागम में देश, विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु एंव भक्तगण सम्मिलित होकर इस भव्य संत समागम का भरपूर आनंद प्राप्त करते हुए सतगुरु के साकार दर्शन एवं पावन आशीष भी प्राप्त करेंगे। मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष निरंकारी संत समागम का विषय है ''सुकुन : अंर्तमन का'' जिस पर देश, विदेशों से सम्मिलित हुए गीतकार, वक्तागण अपने शुभ भावों को कविताओं, गीतों एवं विचारों के माध्यम से व्यक्त करेंगे और विभिन्न भाषाओं में दी गई इन प्रस्तुतियों का आनंद सभी श्रोतागण प्राप्त करेंगे।



# भगवान राम की शरण पहुंचे विभीषण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रामलीला संचालन के ग्यारवें दिन श्री रामलीला मैदान मे विभीषण शरणागति, सेतु बंध, श्री रामेश्वर कि रावण द्वारा तिरस्कार मिलने के पश्चात विभीषण जी रामा दल की तरफ उनके दर्शन हेतु चल पड़ते हैं। भगवान राम द्वारा उनका स्वागत किया भगवान शिव की आराधना की जाती है तथा रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग की स्थापना होती है। इसके पश्चात समुद्र तट पर सेतु बंध का निर्माण नल, नील, वध की लीला का मंचन किया जायेगा। रात्रि में सीता खोज, लंका दहन तथा विभीषण शरणागति की लीला का मंचन होगा। व्यास पूजन जगदीश






स्थापना, अंगद रावण संवाद का मंचन किया गया तथा रात्रि लीला में सीता हरण साबरी मिलन श्री राम सुग्रीव मित्रता एवं बाली वध का मंचन हुआ। व्यास श्री पुष्कर दत्त शास्त्री कहते हैं जाता है तथा शरणागत विभीषण द्वारा अपने अपमान के विषय में भगवान श्री राम को बताया जाता है। विभीषण को प्रभु द्वारा रामादल में शामिल कर लिया जाता है। समुद्र तट पर भगवान द्वारा अंगद आदि वानरों द्वारा किया जाता है। रामलीला संचालन समिति के सदस्य विवेक कश्यप ने बताया जाता है कि आज लक्ष्मण शक्ति, संजीवनी बूटी लाना, लक्ष्मण जागृति तथा कुंभकरण पिमोली, साकेत अग्रवाल, रोहित ठाकुर, प्रेम गुप्ता, गौरव गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल आदि ने किया। रामलीला संचालन समिति से प्रदीप जनौटी, अतुल अग्रवाल, मनोज गुप्ता, सौरभ अग्रवाल, आदि रहे।

# श्री दुर्गा मंदिर विष्णुपुरी में मां भगवती का जागरण आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी श्री दुर्गा मंदिर, विष्णुपुरी गली नंबर 10, रामपुर रोड में मां भगवती का विशाल अर्द्धरात्रि जागरण आयोजित किया गया। जिसमें भजन गायक नवीन सरताज ने मां के भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित भक्त जनों को मां की भक्ति में झूमने पर मजबूर कर दिया। इससे पूर्व मंदिर



में विधि विधान से मां दुर्गा की पूजा अर्चना की गई। अंत में आरती के पश्चात प्रसाद वितरित किया गया इस दौरान राजीव मेहता, सुनील तलवार, पंकज जायसवाल, अशोक राजपाल, सोनू मेहता, इंद्र मोहन, स्वर्ण लाल, किशन लाल, इंद्र सेन ढींगरा, भूपेंद्र उपाध्याय, सौरभ धींगरा, सोनू पूरी, तन्नू तेजवानी, राम निवास गुप्ता, तपन तलवार, तुषार तलवार, सारांश तलवार, प्रदीप ढींगरा, अवनीश राजपाल, अनु धींगरा, ममता धींगरा, अलका आहूजा, रश्मि, मीत धींगरा, रानी धींगरा, मनी धींगरा, गगनदीप धींगरा, नीलम सिडाना, आराधना अग्रवाल, बलवंत राजपाल, प्रमिला राजपाल, प्रीति अग्रवाल, बीना अग्रवाल, प्रिया धींगरा, हिमानी उपाध्याय सहित अनेकों भक्तगण मौजूद रहे।

# मंदिर के सौंदरीयकरण के लिए 24 लाख देने पर किया विधायक सुमित का स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लटूरिया महाराज आश्रम मंदिर समिति बरेली रोड के समस्त पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय विधायक सुमित हृदयेश द्वारा विधायक निधि से 24 लाख रुपये की आर्थिक सहायता मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु समिति को दिए जाने पर उनके आवास पहुंच स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया गया। समिति के महामंत्री विपिन गुप्ता ने बताया कि मंदिर को सुंदर और भव्यता प्रदान करने हेतु जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। जिसमें विधायक सुमित हृदयेश द्वारा जो सहयोग किया गया है मंदिर समिति के सभी सदस्यों एवं धर्मप्रेमी जनता की ओर से विधायक का आभार व्यक्त करते है। समिति के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल और कोषाध्यक्ष राम कुमार गुप्ता ने बताया कि स्व. डॉ. इंदिरा हृदयेश द्वारा भी समय समय पर मंदिर समिति को अपना



बहुमूल्य योगदान दिया जाता रहता था। उसी को उनके सुपुत्र के द्वारा आगे बढ़ाया गया है। जिसकी जितनी प्रशंसा करें कम है। विधायक सुमित हृदयेश ने सभी समिति के सदस्यों का धन्यवाद करते हुए कहा कि ये उनका कर्तव्य है और स्थानीय विधायक होने के नाते जब जब समिति को उनकी आवश्यकता होगी वह सदैव नगर की धर्मप्रेमी जनता के साथ यूँ ही खड़े मिलेंगे। वह समिति और जनता जनार्दन का आभार व्यक्त करते हैं उनके द्वारा इस महायज्ञ में आहुति देने का अवसर दिया। समिति द्वारा विधायक सुमित को एक स्मृति चिन्ह के रूप में श्री राम दरबार का मोमेंट दिया। समिति की ओर से सतीश अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, विनय विरमानी, नीरज गर्ग, सुनील भारद्वाज, भोलेनाथ केशरवानी, ओम प्रकाश गुप्ता, प्रेम कुमार गुप्ता उपस्थित रहे।

# ई चौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशनी ने शनिवार को जिला कार्यालय से ई-चौपाल के माध्यम से उप तहसील नानकमत्ता के ग्राम बरकी डांडी की समस्याएं सुनी। गांव वासियों ने अपर जिलाधिकारी से सीधे संवाद कर कुल 21 समस्याएं दर्ज कराई, जिसमें से अधिकांश समस्याओं का निस्तारण चौपाल में ही किया गया। ई-चौपाल में सर्वाधिक समस्याएं सड़क निर्माण, पीएम आवास पानी निकासी, राश कार्ड, सोलर लाइट आदि से सम्बन्धित थीं। अपर जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि पीएम आवास योजनान्तर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों पर सभी की पात्रता का परीक्षण कराना सुनिश्चित करें और पात्र व्यक्तियों का नाम पंजिका में रजिस्टर्ड करें ताकि पीएम आवास योजना से सम्बन्धित पोर्टल खुलने पर पात्रों का नाम शीघ्रता से दर्ज किया जा सके। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी को यह भी निर्देश दिये कि ग्राम सभा की खुली बैठक कराकर राशन कार्ड, ग्राम स्तर के छोटे-छोटे कार्यों को प्रस्तावित कराये। प्रमुख




समस्याओं में गुरनाम सिंह ने सीसी रोड निर्माण व राशन कार्ड के सम्बन्ध में, कुलदीप ने राशन कार्ड, राजू सिंह, राजवीर सिंह, हरबंस सिंह, गुरदीप सिंह, बग्गा सिंह ने आरसीसी रोड निर्माण, आंचल ने रोड निर्माण, प्रह्लाद सिंह, जोगेन्द्र सिंह ने आवास, सतनाम सिंह ने सोलर लाइट, जसविन्दर सिंह ने राशन कार्ड, शौचालय व हैण्ड पम्प निर्माण के सम्बन्ध में आदि प्रमुख समस्याएं रखी। ई-चौपाल में जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्यौमा जैन, अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई सुशील कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# विधायक अरोरा ने किया दुर्गा पूजा का शुभारम्भ

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा पिपिलिया नं 1 में नवरात्रि के पावन पर्व पर आयोजित दुर्गा पूजा महोत्सव में क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने पहुँचकर कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। जहां सर्वप्रथम अतिथि के रूप में पहुँचे विधायक शिव अरोरा ने दुर्गा माई की विधिवत रूप से आराधना कर समस्त क्षेत्रवासियों के समृद्धि खुशहाली की कामना की।साथ ही फीता काटकर दुर्गा पूजा का शुभारंभ किया। कमेटी के सदस्यों द्वारा विधायक शिव अरोरा का शॉल ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत सत्कार किया। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा नवरात्रि के पवित्र माह में चारो को दुर्गा माई का गुणगान हो रहा है , सभी पूर्ण आस्था के साथ शक्ति स्वरूपा दुर्गा की आराधना में लीन है तो निश्चित रूप से हमारे लिये भी सौभाग्य की बात है कि पिपिलिया न 1 में दुर्गा पूजा में शामिल होने का अवसर मिला, इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा सनातन संस्कृति अपनी परंपरा को मजबूती से आगे बढ़ाने के लिये ऐसे आयोजन समाज मे जगरूकता लाने का कार्य करते हैं तो वही हमारी आने वाली पीढ़ी को भी इससे प्रेरणा लेकर अपनी सांस्कृतिक धार्मिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिये प्रेरणा देती है। इस दौरान कमेटी के सदस्यों द्वारा पूजा पंडाल में टाइल्स निर्माण का अग्रह किया जिस पर विधायक ने सहमति जताते हुए आने वाले समय मे इसके कार्य करने हेतु स्वीकृति प्रदान की।इस दौरान मण्डल अध्यक्ष हरीश भट्ट, जिला पंचायत प्रतिनिधि जगदीश विश्वास, आयुष चिलाना, बीडीसी कोशल विश्वास, मयंक कक्कड़, विकास सागर, सुनील सागर,डम्मी चोपड़ा, अरविंद गंगवार, शुभ शर्मा, सोनू वर्मा, कमेटी से अध्यक्ष महिर विश्वास, कृष्ण रॉय, सचिव किशोर मनी, उपसचिव गौतम मुनी, कोषाध्यक्ष अमूल्य दास ,निर्मल विश्वास, बाबूराम सरकार, कालीचरण विश्वास सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# इमामी लिमिटेड में सिक्स सिग्मा के छात्र छात्राओं ने किया औद्योगिक भ्रमण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिक्स सिग्मा कॉलेज ऑफ फार्मेसी के बी. फार्म तृतीय वर्ष एवं चतुर्थ वर्ष के छात्रों ने इमामी लिमिटेड में औद्योगिक भ्रमण किया। इस औद्योगिक भ्रमण का आयोजन रजत धवन ट्रैनिग एंड प्लेसमेंट हेड की देख रेख में किया गया। औद्योगिक भ्रमण करने का मुख्य उद्देश्य यह था कि छात्र - छात्राओं को संस्थागत ज्ञान के अतिरिक्त औद्योगिक क्षेत्र की जानकारी भी दी जाए क्योंकि सामान्यत: जब छात्र संस्थान से अपनी शिक्षा पूर्ण करने के पश्चात औद्योगिक क्षेत्र में कदम रखता है तो उसके मन में विभिन्न प्रकार के भय उत्पन्न होने लगते है। जिस कारण छात्र योग्य होते हुए भी औद्योगिक क्षेत्र में प्रवेश करते ही अपनी योग्यता का परिचय नहीं दे पाता है इन्ही समस्याओं को देखते हुए संस्थान समय-समय पर छात्र - छात्राओं को विशेष तौर पर औद्योगिक भ्रमण कराता है। इमामी लिमिटेड कंपनी विभिन्न प्रकार के कॉस्मेटिक का निर्माण करती है द्य यह कंपनी नवरत्न तेल, बोरोप्लस, झंडू बाम,केश किंग आदि का निर्माण करती है। छात्रों का औद्योगिक भ्रमण कंपनी के एच.आर. हेड, प्लांट हेड व विशेष एक्सपर्ट द्वारा कराया गया जिसमे उन्होंने फीलिंग, पैकेजिंग ,लेबलिंग व मशीनों के प्रयोग के बारे में जानकारी दी और अनेक प्रकार की कॉस्मेटिक को बनाने की प्रक्रिया के बारे में भी बताया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को लोशन, तेल के पैकिंग के तरीके बताये और साथ ही साथ उपयोग एवं उससे सम्बंधित जानकारी दी। इस भ्रमण से सभी छात्र बहुत उत्साहित हुए और उनमे भी हर्षोउल्लास की लहर दौड़ गयी। छात्र-छात्राओं के भ्रमण का सम्पूर्ण कार्यक्रम संस्थान की शिक्षिकाओंराजकमल चंद्र निर्देशन मेंहुआ। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन पर संस्थान के अध्यक्ष राजेश डाबर, को-चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, प्रबंध निदेशक शिव शिव अरोरा, प्रबंध निदेशिका डॉ. सीमा अरोरा मैनेजमेंट मेंबर वंश डाबर, प्रधानाचार्य डॉ. विजय सिंह, संस्थान के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई दी।



# धान की उत्पादकता जॉच के लिए डीएम ने की क्रॉप कटिंग

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जनपद में धान की उत्पादकता जॉच हेतु जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने खेत में पहुँचकर क्रॉप कटिंग की। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने शनिवार को राजस्व, कृषि सॉंख्यिकी टीम के साथ ग्राम मटकोटा में किसान रंजय के खेत में पहुँचकर स्वंय क्रॉप कटिंग की और अपने ही सामने धान की मढ़ाई कराकर वजन भी तुलवाया। उन्होंने किसान रंजय से बोये गये बीज, फसल उत्पादन हेतु उपयोग में लाये गये उर्वरकों, कीटनाशकों, सिंचाई आदि के बारे में विस्तार से जानकारी ली। क्रॉप कटिंग प्रयोग के आधार पर जनपद में फसल का औसत उत्पादन व उपज के आकड़े तैयार किये जाते हैं। उन्होंने बताया कि रंजय के खेत के 43.3 वर्ग मीटर में22 किलो 200 ग्राम धान की उपज प्राप्त हुई है। इस दौरान उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, तहसीलदार दिनेश कुटौला, सांख्यिकी अधिकारी मदन सिंह बिष्ट, नायब तहसीलदार महेन्द्र सिंह बिष्ट, राजस्व निरीक्षण राधे सिंह राणा, लेखपाल सुशील जुनैजा आदि उपस्थित थे।



# सड़क हादसे में युवक की मौत

गदरपुर(उद संवाददाता)। केलाखेड़ा में सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भर शव को पीएम के लिए काशीपुर भेज दिया। बता शुक्रवार देर रात्रि मुंतीयाज पुत्र सब्बीर निवासी



जामा मस्जिद वार्ड न 10 आजाद नगर गदरपुर, केलाखेड़ा से गदरपुर की ओर बाईक से सवार होकर जा रहे थे कि सामने से तेज गति से ट्रक संख्या एचआर38एबी 5117 की चपेट में आ गया। आमने -सामने की टक्कर मे बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगो ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से घायल को जिला चिकित्सालय भिजवाया जहां से घायल के हालत गंभीर देखते हुए उसको हायर सेंटर हल्द्वानी रेफर कर दिया है लेकिन घायल ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। दूसरी ओर ट्रक चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और शव का पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए काशीपुर भेज दिया है।




## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम भूरारानी तहसील रुद्रपुर जिला उधम सिंह नगर में एक भूमि खसरा नंबर 189/1 मि., प्राइवेट प्लॉट नंबर 212 के अंतर्गत क्षेत्रफल 167.28 वर्ग मीटर की क्रय विक्रय संख्या के अंतर्गत विक्रेता श्री दिनेश कुमार पुत्र श्री चुन्नीलाल, सुरेंद्र कुमार पुत्र गंगूराम एवं अशोक कुमार पुत्र हरीश चंद्र के द्वारा मुख्तियार आम महेंद्र कौर पत्नी रघुवीर सिंह द्वारा कमलजीत कौर पत्नी अमनदीप सिंह के पक्ष में निष्पादित बैनामा जो एस आर ओ किच्छा में बही नंबर एक जिल्द नं. 365 पृष्ठ संख्या 445 से 454 के क्रमांक संख्या 4822 दिनांक 29-9-2006 के द्वारा पंजीकृत है मूल रूप से गुम हो गया है जिसको प्राप्त हो वह निम्न पते पर उपलब्ध करा दें,गुमशुदा बैनामै का प्रयोग अवैध होगा। उक्त भूखंड को बंधक कर आईडीबी आई बैंक से ऋण प्राप्त किया जा रहा है जिस किसी को आपत्ति हो वह शाखा प्रमुख आईडीबीआई बैंक गाबाचौक रुद्रपुर उधम सिंह नगर मोबाइल नंबर 9815228803 से 15 दिन के भीतर संपर्क करें इस समय सीमा के भी भीतर कोई भी आपत्ति न प्राप्त होने पर इन पर किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा नहीं माना जाएगा।

(गोरव अरोरा)
पुत्र श्री पूरन चन्द, निवासी B-4 अलाइंस किंग्स्टन रुद्रपुर,उधम सिंह नगर
मो. नं.- 9756028000

# सुब्रतो कप के फाइनल में पहुंची एमेनिटी की टीम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। फुटबॉल प्रतियोगिता सुब्रतो कप में उत्तराखंड के एमेनिटी पब्लिक स्कूल का शानदार प्रदर्शन जारी है। नई दिल्ली में चल रहे 62वें सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में उत्तराखंड की इस टीम ने मिजोरम को कड़े मुकाबले में हरा दिया। 23 अक्टूबर को प्रतिष्ठित फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में एमेनिटी पब्लिक स्कूल का मुकाबला चंडीगढ़ से होगा। इस तरह एमेनिटी पब्लिक स्कूल ने इतिहास रचने के साथ ही उत्तराखंड के खाते में बड़ी उपलब्धि दर्ज कराई है। एमेनिटी पब्लिक स्कूल और मिजोरम के बीच मुकाबले में एक कड़े टी-20 क्रिकेट मैच के सभी तत्व मौजूद थे। खेल के 15वें मिनट में एमेनिटी पब्लिक स्कूल ने महेश के शानदार गोल से गतिरोध तोड़ दिया। उन्होंने खेल के आखिरी मिनट तक मामूली बढ़त बरकरार रखी। लेकिन, मिजोरम के फारवर्ड नगारथनमावल ने खेल के अंतिम 30 सेकंड में एकल दौड़ लगाई और स्कोर 1-1 से बराबर करने के लिए लक्ष्य हासिल किया। अतिरिक्त समय के बाद पेनल्टी शूट आउट में एमेनिटी पब्लिक स्कूल का पलड़ा भारी रहा। उन्होंने कड़ा मुकाबला 8-7 से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। पहले सेमीफाइनल में चंडीगढ़ ने मणिपुर को एक गोल से हराया।बता दें कि 53 साल बाद उत्तराखंड क्षेत्र का कोई स्कूल सुब्रतो कप के फाइनल में पहुंच रहा है। इससे पहले गोरखा मिलिट्री स्कूल देहरादून ने 1964 और 1965 में यह टूर्नामेंट जीता था। जबकि 1961 और 1970 में इस स्कूल ने सुब्रतो कप में दूसरा स्थान हासिल किया था।

# सहस्त्रबाहु के नाम से हुआ मार्ग का नामकरण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बाजार क्षेत्र मंगल पड़ाव में होली ग्राउंड के बराबर वाले मार्ग का नाम जायसवाल समाज के कुलगुरु चक्रवर्ती सम्राट भगवान सहस्त्रबाहु के नाम रखा गया है। जिसके लिए जायसवाल समाज द्वारा महापौर डॉ. जोगिंदर सिंह रौतेला व वरिष्ठ पार्षद धीरेंद्र रावत का आभार व्यक्त किया गया। अपने संबोधन में महापौर डॉ. रौतेला ने कहा कि समाज के उत्थान, मजबूती एवं प्रगति के लिए जायसवाल समाज इसमें अग्रणी भूमिका निभा रहा है। वही समाज का व्यापारी भी शहर में विभिन्न संस्थानों में योगदान बढ़ चढ़कर निभा रहा है। इस दौरान जयसवाल समाज के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद जायसवाल, महामंत्री कन्हैया जायसवाल, संरक्षक गंगा प्रसाद जायसवाल, संरक्षक रामबाबू जायसवाल, कोषाध्यक्ष, मनोज जायसवाल, उपाध्यक्ष अरविंद जायसवाल, पंकज जयसवाल, बाबूराम जायसवाल, राकेश जयसवाल, महिला अध्यक्ष बीना जायसवाल, महामंत्री दीपा जायसवाल, खुशबू जायसवाल, सुनीता जायसवाल, युवा महामंत्री अतुल जायसवाल, युवा कोषाध्यक्ष सुमित जायसवाल, संतोष, वीरेंद्र जायसवाल, जायसवाल राजेश जायसवाल, जमुना प्रसाद जायसवाल, बलदेव जायसवाल, चंपालाल जायसवाल, शंकर लाल जायसवाल, अनिल जायसवाल, गिरीश जायसवाल, राजेश जायसवाल, राजू जायसवाल, ज्ञान जायसवाल, सुभाष जायसवाल, मंगल पड़ाव व्यापारी एसोसिएशन के महामंत्री मोहम्मद आसिफ, अंकुर ओबरॉय, संदीप सक्सेना, अमित राजपाल आदि लोग मौजूद रहे।



# विम स्क्वायर कॉलोनी में पूरी रात गूंजे माता के जयकारे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मां दुर्गा जागरण कमेटी विम स्क्वायर कॉलोनी के सौजन्य से शनिवार रात्रि माता के भव्य जागरण का आयोजन हुआ जिसमें शहर के प्रख्यात गायक एवं गायिकाओं द्वारा माता की पवित्र भेंटें सुनाई गई और पूरी रात कॉलोनी में मां के जयकारे गूंजते रहे। कॉलोनी प्रांगण में महिलाओं ने भी भजन-कीर्तन में आनंद लिया । इस दौरान अंबा है मेरी मां, दुर्गा है मेरी मां के गीतों पर भक्त खूब थिरके। जागरण मंडली के द्वारा मनमोहक सजीव झांकियां प्रस्तुत की गई। पंडाल में समापन के बाद आरती तत्पश्चात प्रसाद वितरण हुआ। जागरण में रुद्रपुर के मेयर रामपाल सिंह, वार्ड 16 के पार्षद प्रमोद शर्मा के साथ कमेटी के सदस्यों के रूप में नीरज तिवारी, अतुल वर्मा, संजय गुप्ता, राजीव चौहान, धर्मेंद्र शर्मा, रोहित शर्मा, विवेक शर्मा, डॉ कपिल शर्मा, ,बालेश शर्मा, शैलेंद्र मित्तल, स्वाति शर्मा, नेहा शर्मा, डॉ मानसी तिवारी, शालिनी तिवारी, सीमा वर्मा, शुभी अग्रवाल, प्रज्ञा शुक्ला, राधा गंगवार, ज्कंचन गंगवार सहित कॉलोनी के सभी सम्मानित निवासी भक्त मौजूद रहे।












# हनुमान ने उजाड़ी अशोक वाटिका, रावण की लंका जलायी

## मुख्य अतिथि विधायक शिव अरोरा ने किया रामलीला मंचन का उद्घाटन, पांच लाख के विकास कार्य कराने की घोषणा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मुख्य रामलीला में विगत रात्रि श्रीराम लीला में शनिवार रात हनुमान संपाती संवाद, जामवन्त द्वारा हनुमान जी को उनकी शक्तियां याद दिलाना, हनुमान का लंका पहुंचना, रावण-सीता संवाद, हनुमान सीता संवाद, हनुमान द्वारा अशोक वाटिका को उजाड़ना, हनुमान-अक्षय



कुमार युद्ध, अक्षय कुमार वध, हनुमान-मेघनाद संवाद, मेघनाद द्वारा ब्रहमास्त्र का प्रयोग कर हनुमान जी को बंदी बनाना, हनुमान-रावण संवाद, लंका दहन तक की लीला का का मंचन हुआ। विगत रात्रि की रामलीला का उद्घाटन मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। श्री रामलीला मंच पर बतौर अति विशिष्ट अतिथि बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों भी पहुंचें। रामलीला कमेटी ने मुख्य अतिथि सहित सभी विशिष्ट अतिथिगणो को माल्यार्पण कर, शाल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने रामलीला कमेटी को विकास कार्यों के लिए पांच लाख देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पूर्व में की गयी 11 लाख की घोषणा से विकास कार्य शुरू हो चुके हैं। पांच लाख की लागत से और विकास कार्य कराये जायेंगे। श्री अरोरा ने कहा कि प्रभु श्री राम की लीला मर्यादा में रहने की सीख देती है। रामलीला का मंचन तभी सार्थक होगा जब यहां से सभी लोग कुछ सीखकर जायें और रामलीला की शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारें। उन्होंने कहा कि रामलीला हमें परिवार में रिश्तों के प्रति मर्यादा का बोध कराती है। रामलीला के सभी पात्र कुछ न कुछ सीख देते हैं। उन्होंने कलाकारों द्वारा किये जा रहे अभिनय की सराहना करते हुए सभी को बधाई दी। गणेश वंदना, राम वंदना एवं हनुमान वंदना के बाद प्रारम्भ हुयी लीला के प्रथम दृश्य में समुंद्र तट पर पक्षीराज संपाती से मुलाकात होती है। संपाति उन्हें बताते हैं कि इस सौ योजन के समुंद्र के बाद सोने की नगरी लंका है, जहां किसी पेड़ के नीचे सीता जी बैठी हैं। हनुमान अथाह समुंद्र देख निराशा से भर उठते हैं और एक शिला पर जा बैठते हैं तो जामवंत जी हनुमानजी के गुणों का बखान करते हैं और तब हनुमानजी को अपनी शक्तियों का आभास होने लगता है। अपनी शक्तियों का आभास होते ही हनुमानजी विराट रूप धारण करते हैं और समुद्र को पार करने के लिए उड़ जाते हैं। लंका नगरी पहुंचने के बाद हनुमान जी अशोक वाटिका में पेड़ों में छिप जाते हैं। यहां रावण सीता का संवाद होता है, जिसमे रावण राक्षसी धनपालिनी को 2 माह का समय देकर सीता को समझाने को कहते हैं। रावण के जाने के बाद हनुमान जी राम द्वारा प्रद्दत अंगूठी को सीता माता के समीप फेंकते है, जिसे सीता माता पहचान लेती हैं। वह विलाप करती हैं कि राम की अंगूठी को यहां कौन लाया? तब माता सीता से मुलाकात करते हैं और बताते है कि राम भी आपके समान ही व्याकुल हैं। हनुमान की बातों पर सीता जी को विश्वास हो जाता है कि यह सचमुच राम के दूत हैं। सीता जी उन्हें कहती है कि यदि एक मास की अवधि में रघुनंदन यहां आकर उन्हें लिवा न ले गए, तो वह आत्मघात कर लेंगी। हनुमान उन्हें दिलासा देते है। हनुमान जी माता सीता से मिलने के बाद रावण की शक्ति का जायजा लेने और उस से मिलकर उसे चेतावनी देना चाहते थे इसके लिए उन्होंने रावण की अशोक वाटिका से फल खाने के बाद उसे नष्ट करना शुरू कर दिया। रावण ने अपने पुत्र अक्षय को बजरंगबली को बंदी बनाने के लिए भेजा, लेकिन हनुमान ने उसका वध कर दिया। फिर मेघनाद हनुमानजी को पकड़ने आया। उसने ब्रह्मास्त्र का प्रयोग किया। वरदान के कारण राम भक्त को कुछ नहीं हो सकता था, लेकिन ब्रह्मा का अस्त्र होने के कारण हनुमानजी खुद उसके बंधनों में बंध गए। रावण दरबार में रावण हनुमान का संवाद होता है। हनुमान रावण को समझाने का प्रयास करते हैं लेकिन दंभी रावण कुछ मानने को तैयार नहीं होता। हनुमान की शक्तियों को देखकर व अपने हर प्रश्नों का उत्तर मिलता देख रावण आग बबूला हो जाता है। वह हनुमान को मृत्युदंड देने को कहता है लेकिन विभीषण की सलाह के बाद हनुमान जी की पूंछ में कपड़ा बांधा जाता है और तेल डालकर आग लगाई जाती है और वह अपनी शक्ति से लंका जला देते है। आज हनुमान जी की भूमिका में सुशील गाबा, गणेश भगवान की भूमिका में आशीष ग्रोवर, सीता की भूमिका में गौरव जग्गा, अंगद की भूमिका में मोहन अरोरा, नल- हर्ष अरोरा, नील- जय तनेजा, जामवंत - रोहित खुराना, ऋषि- सचिन मुंजाल, मेघनाद-रोहित नागपाल, अक्षय कुमार-अभय भुड्डी, विभीषण- सचिन आनन्द, संपाती की भूमिका में राजेन्द्र ग्रोवर, धनपालिनी की भूमिका में नरेश छाबड़ा, जोकर पार्टी राम कृष्ण कन्नौजिया, गोगी नरूला, कुक्कू शर्मा नें शानदार अभिनय कर उपस्थित हजारो जनता का मन मोह लिया। संचालन मंच सचिव संदीप धीर एवं मंच सचिव विजय जग्गा नें किया।



### सीता के अभिनय में जग्गा कर रहे शानदार अभिनय

रूद्रपुर । नगर की मुख्य श्री रामलीला में सीता की भूमिका निभा रहे गौरव जग्गा के अभिनय के दर्शक खूब कायल है। सीता-लक्ष्मण और सीता-रावण संवाद में उन्होंने दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। इसके साथ ही श्री जग्गा लक्ष्मण और अंगद की भूमिका भी निभा रहे है। श्री जग्गा पिछले 26 वर्षो से प्रभु श्री राम की सेवा में लगे हुये हैं। इससे पूर्व भी वह सीता,लक्ष्मण और अंगद सहित कई पात्रों का अभिनय कर चुके है। गौरव के पिता



स्व0 राजकुमार जग्गा भी प्रभु श्री राम के काज में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते थे। कोरोना के दौरान वर्ष 2020 में उनका निधन हो गया था। निधन से पूर्व वह अपने पौते और गौरव जग्गा के पुत्र नवीन जग्गा को भी प्रभु श्री राम के चरणों की सेवा में लगा गये थे। इस वर्ष भी 4 वर्षीय नवीन जग्गा बाल राम की भूमिका में नजर आये। पूरा जग्गा परिवार प्रभु श्री राम की सेवा में जुटा हुआ है।

# दुर्गा पूजा महोत्सव में ओगो विष्णु प्रिया नाटक का मंचन

## एसएसपी ,विधायक सहित कई नेताओं ने मां का लिया आर्शीवाद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सार्वजनिन श्री श्री शारदीय दुर्गा पूजा महोत्सव के तीसरे दिन सप्तमी पूजा अनुष्ठान को विधि रूप से पूजा पाठ के माध्यम से शुरू किया गया।सुबह सप्तमी पूजा पर माँ दुर्गा की आराधना कि गई उसके बाद सप्तमी पूजा की अंजलि सभी भक्तों के साथ की गई। संध्या काल महाआरती प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि भुवन कापड़ी विधायक, खटीमा, तिलक राज बेहड़ विधायक, किच्छा, डॉ मंजुनाथ टीसी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सुंदरम शर्मा इंस्पेक्टर, ट्रांजिट कैंप, थाना,श्रीमती मीना शर्मा पूर्व चेयरमैन, रुद्रपुर नगर पालिका, हिमांशु गाबा जिलाध्यक्ष कांग्रेस, सीपी शर्मा नगर अध्यक्ष, कांग्रेस, सुमित राय, श्रीमती मोनिका ढाली, अरुण शर्मा आदि वरिष्ठ नागरिक गणों के साथ आरती कार्यक्रम शुरू किया गया।आरती प्रतियोगिता में प्रथम मीना दास, द्वितीय पर सागर दास व तृतीय पर कृतिका रही। आरती प्रतियोगिता के जज थे देवाशीष मण्डल व मोहन उपाध्यय थे।इसके बाद सप्तमी पूजा महोत्सव पर सांस्कृतिक मंच पर बांग्ला जात्रा ष्औगो विष्णु प्रियाष नाटक का मंचन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शंकर चक्रवर्ती बरिष्ठ समाज सेवी, समीर राय वरिष्ठ समाजसेवी, अजित विश्वास वरिष्ठ समाजसेवी, नारायण महाजन वरिष्ठ समाजसेवी, पंकज दास गुप्ता आदि गणमान्य लोग की उपस्थिति में किया गया।उपरोक्त सभी अतिथियों का कमेंटी के अध्यक्ष व पूरी टीम ने शॉल व मोमेंटो देकर सम्मान किया।कार्यक्रम को दौरान पूजा कमेंटी के अध्यक्ष दिलीप अधिकारी, सचिव महेश राय, उपाध्यक्ष विजय दे, अमन सरकार, किशोर दे, अभिजीत दास, रोहित अधिकारी, कोषाध्यक्ष प्रदीप साहा ऑडिटर सचिन मण्डल, सांस्कृतिक प्रभारी नन्द शेखर गाँगुली, शुभम दास, बिट्टू ढाली, राज सरकार, राज चक्रवर्ती, मिडिया प्रभारी मानस बैरागी सुबीर वंदना दास, शंकर विश्वास, विजय साना, रोहित हालदार, आकाश मण्डल, किशोर मिस्त्री, मनोज हीरा, किशोर मिस्त्री, तापस हीरा, परिमल राय, सुमित राय, तरुण दत्ता आदि लोग उपस्थित रहें।





# हनुमान ने जला डाली रावण की लंका

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री शिव नाटक क्लब द्वारा आयोजित प्रभु श्री राम जी की लीला के मंचन के ग्यारहवें दिन शुभारंभ सी ए अमित गंभीर, एडवांस टेंट हाउस के स्वामी सुधीर अरोरा एवं पूर्व दर्जा राज्य मंत्री सुरेश परिहार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया, विशिष्ट अतिथियों में बी एल छोमवाल, शेखर जुयाल, आशू मिड्ढा का सानिध्य मिला। श्री रामलीला मंचन में मेघनाथ द्वारा हनुमान जी को ब्रह्म पास में बांधकर रावण के दरबार में लाया जाता है और रावण और हनुमान के बीच में भीषण संवाद होता है रावण द्वारा हनुमान जी को करने का प्रयास किया जाता है और विभीषण द्वारा यह कहकर कि यह दूत है इसका वध करना उचित नहीं है उसका बचाव किया जाता है और अंत में हनुमान की पूंछ में आग लगाकर पूरी लंका में घुमाया जाता है और हनुमान द्वारा पूरी लंका को ही जला दिया जाता है रावण इस बात पर क्रोधित हो जाता है कि विभीषण ने हनुमान को बचाया तो वह विभीषण को लंका से निष्कासित कर देता है रावण अपने भाई कुंभकरण के पास जाता है और उससे अपनी मदद की गुहार लगाता है कुंभकरण रावण को आश्वासन देता है कि कुंभकरण रावण के साथ है, इस प्रकार रावण राम युद्ध की घोषणा की औपचारिकता बाकी रह गई है जो कि आज के मंचन में की जायेगी। विशेष भूमिकाओं में हनुमान सनी कक्कड़, मेघनाद चेतन खनिजो, रावण जीतू गुलाटी, विभीषण विशाल गुंबर, कुंभकरण हिमांशु पारिख द्वारा बहुत ही सुंदर अभिनय किया गया। मंच संचालन जौली कक्कड़ ने किया । श्री शिव नाटक क्लब द्वारा सभी अतिथियों का पटका ओढ़ाकर एवं बैच लगाकर सम्मानित किया गया एवं अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर श्री शिव नाटक के सरपरस्त संजय ठुकराल, सूरज प्रकाश रमेश गुलाटी, राजकुमार परुथी, सुखीजा,नरेश शर्मा, महावीर सेवा दल से सुरेश राजदेव, अध्यक्ष जगदीश सुखीजा, महासचिव राजकुमार भुसरी, कोषाध्यक्ष बबलू घई,निर्देशक नरेश घई, सनी घई,उपाध्यक्ष बिट्टू अरोरा, अवतार सिंह खुराना, सचिव विजय परुथी, भारत हुड़िया,प्रचार मंत्री जगमोहन अरोरा, सनी अरोरा,अक्षित छाबड़ा, राजीव भसीन, अरुण अरोरा, पुष्कर नागपाल, विशांत भसीन,राजदीप बठला,बंटी मुंजाल,अनमोल घई, दिव्यम घई,अतुल बांगा, राकेश तनेजा,गौरव गांधी , विशाल गुंबर,प्रवीण बत्रा, प्रवीण ठुकराल, पुष्कर नागपाल, मनीष अग्रवाल, अरुण अरोरा, सनी अरोरा ,राजीव झाम, राहुल अरोरा,अमर परुथी, कृष गावड़ी, लवीश गावड़ी,अनमोल अरोरा, हरीश जुनेजा, चिराग जुनेजा आदि उपस्थित थे।







## आरएएन स्कूल में रामलीला का हुआ मंचन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आरएएन पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं ने बड़े ही सुंदर ढंग से रामलीला का मंचन किया। सर्वप्रथम विद्यालय के चेयरमैन विंग कमांडर एचकेराय, प्रबंधक मोहित राय व प्रबंधिका श्रीमती निधि राय ने दीप प्रज्ज्वलित करके रामलीला का शुभारंभ किया।तत्पश्चात विद्यालय की मुख्य अध्यापिका श्रीमती मेघना गुप्ता ने सभी अतिथियों और अभिभावको का स्वागत किया और विद्यालय की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।कार्यक्रम में सर्वप्रथम गणेश वंदना के बाद क्रमशः रामलीला के अन्तर्गत सभी छात्र- छात्राओ ने श्रीराम जन्म,विश्ववामित्र द्वारा शिक्षा,ताड़का वध, सीता स्वयंवर, मंथरा वचन ,वन -गमन , केवट संवाद ,सीता -हरण,बाली -सुग्रीव युद्ध,जटायु प्रकरण, लंका- दहन, लक्ष्मण- शक्ति, संजीवनी -बूटी और रावण वध जैसे दृश्यों को अपने उत्कृष्ट अभिनय और गीत -संगीत के माध्यम से बड़े ही रोचक अंदाज में प्रस्तुत किया था।जिसमें ताड़का वध ,लंका-दहन व शबरी जैसे दृश्यो ने सभी अभिभावको और अतिथियों का मन मोह लिया। सभी दर्शकों ने खड़े होकर तालियाँ बजाकर सभी छात्र-छात्राओ का उत्साहवर्धन किया। अंत में विद्यालय के चेयरमैन विंग कमांडर एचके राय ने सभी छात्र-छात्राओ के अभिनय की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।





## जैन ग्लोबल स्कूल में रामलीला का मंचन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जैन ग्लोबल स्कूल के प्रांगण में दशहरा पर्व का उत्सव हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने भजन गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्री-प्राईमरी के नंन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा रामायण का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।



जिसमें विद्यालय के चैयरमैन पुष्कर राज जैन, योगेश जैन, श्रीमती नेहा जैन, श्रीमती पलक जैन, उप प्रधानाचार्या सुश्री तेजल शिवपुरी, अध्यापकगण एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया।

## रावण सीता संवाद,अशोक वाटिका उजाड़ने का मंचन

गदरपुर (उद संवाददाता)। अनाज मंडी में चल रही श्री राम लीला में शनिवार रात्रि बाली सुग्रीव युद्ध, बाली वध, हनुमान जी को लंका भेजना, रावण सीता संवाद, हनुमान जी द्वारा अशोक वाटिका को उजाड़ना, अक्षय कुमार वध जैसे दृश्यों का मंचन किया गया। बाली की भूमिका में रहे कशिश खुराना ने बहुत ही सुंदर अभिनय कर दृश्य को आकर्षक बनाया। सुग्रीव की भूमिका में रहे मुनि भुसरी, श्री राम जी की भूमिका में निर्देशक अशोक पोपली, लक्ष्मण की भूमिका में रोहित पोपली, हनुमान जी की भूमिका में साहिल सुधा ने समस्त अशोक वाटिका को उजाड़कर एवं सभी दर्शकों में फल वितरण किया। रावण की भूमिका में रहे उपनिदेशक सिद्धार्थ भुसरी, 18 वर्षो से लगातार सीता जी की भूमिका निभा रहे गुलशन शर्मा ने बहुत ही सुंदर एवं गरिमा से सीता जी के किरदार को दर्शाया। अंगद की भूमिका में यश अरोड़ा, अक्षयकुमार की भूमिका में अरविंद पाल, मेघनाथ की भूमिका में अमन गाबा , लंका के पहरेदार बने सुनील कालरा, कपिल कमरा, युवराज कुमार, शौर्य भुड्डी एवम अन्य कलाकारों ने अपनी कलाकारी से दर्शकों को अचंभित किया। सम्मान की कड़ी में तिलक राज भुसरी एवं नदेही चीनी मिल के जनरल मैनेजर को श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रवींद्र बजाज, महामंत्री अशोक धीर, कोषाध्यक्ष कृष्ण अनेजा ने मंच पर बुलाकर स्वागत एवम अभिनंदन किया। इस बीच अशोक भुड्डी, राज कुमार भुड्डी, विनोद भुसरी, कृष्णलाल सुधा, लेखराज भुड्डी, विजय छाबड़ा, इंद्रजीत डाबर, विजय भुड्डी, अजय खेड़ा, रविंद्रवीर सिंह, कृष्णलाल बत्रा, सतीश छाबड़ा, विजय सुखीजा, राजू कुमार, सुभाष खुराना, अनिल बत्रा, मुलखराज अरोरा, सोमनाथ छाबड़ा, राजेश अग्रवाल, आदित्य सुखीजा, गौरव भुड्डी, प्रमोद बजाज, सक्षम ग्रोवर, मुकेश पाल, सुभम बत्रा, मयंक चुघ, अरुण बजाज, अनिल सुधा, निर्मल दास नारंग, अनमोल भुड्डी ,पारस धवन, श्याम सुंदर कालड़ा, धीरज इश्पुजानी, अंकित गगनेजा, संजीव अनेजा, विजय पोपली, गणपति विश्वास, सागर अनेजा, प्रवीण गगनेजा, अमित ढींगरा, राकेश छाबड़ा, रोहित कालड़ा, दीपक भुड्डी, अंकुर खुराना, राघव भुड्डी, रूमिल चावला, देवेश बजाज, सैयाम बजाज, माधव सुखीजा, अमित अरोड़ा एवम अन्य लोगों ने श्री राम जी की लीला देखी।





## ईएलपीएस में बच्चों ने किया श्री रामलीला का सुंदर मंचन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आवास विकास स्थित ई एलपीएस स्कूल में विद्यार्थियों द्वारा रामलीला का सुंदर मंचन किया गयां बच्चों ने अलग अलग पात्रों की भूमिका निभाई। कक्षा सप्तम के अलंकृत द्वारा श्री राम, सौरभ ने लक्ष्मण, मेहुल ने भरत, मनप्रीत सिंह ने शत्रुघन और कृष्णा ने हनुमान जी का किरदार निभाया। उन्हीं के सेना में कक्षा पांचवी से शुभम चौहान, जय मण्डल, निधिय द्वारा माता सीता, तनीषा ने कैकयी, श्रेया ने



सुमित्रा, खुशी ने कौशल्या, दिया ने शरथ और अजान ने लंका नरेश रावण का किरदार निभाया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सिन्दरवीर कोर, अध्यक्ष अरूणदीप सिंह ने बच्चोंद्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की सराहना की और बच्चों को रामलीला और दशहरा का महत्व बताया। इस अवसर पर संदीप कौर जठौल, गीता वर्मा, अमीर बानो, मेघा शर्मा, सुप्रीत कौर, अंजली, चन्दा यादव, नेहा, मिताली शर्मा, दिव्यांशी झा, आरती , दुर्गेश आदि भी मौजूद रहे।

## प्यारा सजा है तेरा दरबार भवानी, भक्तों की लगी है कतार भवानी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पावन शारदीय नवरात्र के अवसर पर गत रात्रि श्री दुर्गा मंदिर में मां भगवती की चौकी आयोजन का क्रम जारी रहा गया। जिसमें स्थानीय भक्त गायक कलाकारों द्वारा भजन सुनाकर मां की महिमा का गुणगान किया गया। मां के भजनों को सुनते हुए भक्त जन भक्ति में झूमते रहे। इससे पूर्व पं. नवीन मिश्रा ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराई । जजमान के रूप में महेन्द्र सिंह, कुलवंत कौर, दलजीत सिंह, रमनजीत कौर, तरनजीत सिंह, लवप्रीत कौर, हर्षदीप सिंह व उनके परिजन शामिल हुए। जिसके पश्चात स्थानीय भजन गायक शुभम



सक्सेना, अमित अरोरा व अमन सांवरिया ने मां के कई भजन सुनाकर मौजूद भक्तजनों को भक्ति में झूमने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है, हम मैया वाले हैं मैया से करते हैं प्यार, शेरां वाली मैया नूं किवें पसंद आई लाल चुनरी, ज्योंतां वाली मां शेरां वाली आदि भजन सुनाये। इस दौरान मौजूद सभी भक्त तालियां बजाते हुए मां के जयकारे लगाते रहे। अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर राजकुमार ठुकराल, संजय ठुकराल, सुरेन्द्र सिंह रज्जी, अमित ग्रोवर, नरेन्द्र अरोरा, वेद ठुकराल, रेनू अरोरा, गुरूशरण बब्बर सन्नी, किशन नारंग, दिव्येन्द्र कुकरेती, मोहित बत्रा, केवल बत्रा, यमन अरोरा, नीलम गुलाटी, प्रवीन गुलाटी, दिनेश गुप्ता, बबीता ठुकराल, कंचन धीर, मंजू बब्बर, अंजली मिश्रा, अनिल ठुकराल, रीतू मुरारी, चांद मदान, कृष्ण मुरारी धीर, पिंकी, प्रदीप, अनुज कक्कड़, मनोरमा, रक्षा अरोरा, तेजस्वी मिश्रा, अनिल अरोरा, नीलम अरोरा, मनोज मदान, सुमन छावड़ा, राज अरोरा, डा. दिव्या अरोरा, लव मिश्रा, लवप्रीत, पवन गावा, आशा गाबा सहित भारी संख्या में भक्तजन मौजूद थे।

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## संतान सुख और उत्तराधिकारी

दत्तक अधिनियम यानी बच्चों को गोद लेने का कानून इस उद्देश्य से बनाया गया था कि निस्संतान दंपतियों को संतान सुख और उत्तराधिकारी पाने का हक तथा अनाथ हो गए बच्चों को इसके जरिए माता-पिता का प्यार दिलाया जा सके। मगर इस कानून का लाभ उठा पाना इतना आसान नहीं है, क्योंकि इसमें गोद लेने संबंधी नियम और शर्तें कुछ जटिल हैं।इन्हीं जटिलताओं के कारण विदेशी नागरिकों को भारत में बच्चा गोद लेते समय अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मगर जो दंपति सारे नियम और शर्तों को पूरा करते हैं, उन्हें भी अगर अनापत्ति प्रमाण पत्र हासिल नहीं हो पाता, तो उस पर एतराज स्वाभाविक है। ऐसी ही शिकायतों को लेकर दिल्ली उच्च न्यायालय में गुहार लगाई गई कि केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण यानी कारा की तरफ से कोई न कोई बाधा उपस्थित की जा रही है।लोगों को अनापत्ति प्रमाणपत्र के बजाय समर्थन पत्र दिए जा रहे हैं। इस पर उच्च न्यायालय ने कहा है कि विदेशी नागरिकों को बच्चा गोद लेने संबंधी प्रक्रिया को जटिल नहीं बनाया जाना चाहिए। जिन देशों से गोद लेने संबंधी अंतरराष्ट्रीय समझौते हैं, उन देशों के नागरिकों को इस प्रक्रिया में अधिक नहीं उलझाया जाना चाहिए।अदालत ने यह निर्देश शिकायत के पक्ष में उपलब्ध कराए गए प्रमाणों के आधार पर दिया है। इस संबंध में कारा के उच्च अधिकारी को तलब भी किया है। अपील करने वालों की तरफ से कहा गया कि अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए उन्हें काफी पैसा खर्च करना पड़ रहा है, उसके बावजूद उन्हें समर्थन पत्र ही दिया जा रहा है। दरअसल, बच्चों को गोद लेने संबंधी नियमों में संबंधित प्राधिकार को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वे उन्हीं लोगों को बच्चा गोद लेने की अनुमति प्रदान करे, जो वास्तव में उनकी उचित देखरेख कर सकें। पिछले कुछ सालों में ऐसे अनेक मामले सामने आए, जिनमें विदेश में रह रहे लोग भारत से बच्चों को गोद तो लेते हैं, मगर उन्हें माता-पिता का प्यार नहीं देते। बच्चों को जो अधिकार मिलने चाहिए, वे उन्हें नहीं दिला पाते। कई लोग तो ऐसे बच्चों को बंधुआ मजदूर की तरह घर में रखते और घर के सारे काम उनसे कराते हैं। जबकि दत्तक अधिनियम का मकसद है कि बच्चों को घर का वातावरण उपलब्ध हो सके, उन्हें अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य और बेहतर भविष्य मिल सके। इस लिहाज से कारा अधिकारियों की सतर्कता उचित कही जा सकती है। मगर जो लोग सभी संबंधित नियम-कायदों को पूरा करते हों, उन्हें भी परेशान किया जाए, तो शिकायत स्वाभाविक है। हमारे सरकारी महकमों में नियम-कायदों की आड़ में किसी भी काम को बेवजह अटकाए रखना और फिर रिश्वत लेकर वह काम कर देना कोई छिपी बात नहीं है। ऐसे में जब कोई काम विदेश में रहने वाले किसी व्यक्ति का हो, तो सरकारी कर्मचारियों की लार टपकनी स्वाभाविक है। ऐसे लोग यह सोच कर पैसा खर्च करने में गुरेज नहीं करते कि अगर एक काम के लिए उन्हें कई बार आना-जाना पड़ा, तो कहीं अधिक पैसा खर्च हो जाएगा। मगर यह सिलसिला सहनशक्ति को पार कर गया होगा, तभी अदालत के दरवाजे तक पहुंचा। विचित्र है कि इस प्रवृत्ति के चलते न सिर्फ विदेशों में भारतीय कामकाज के तरीके को लेकर नकारात्मक संदेश जाता है, बल्कि परिवार के प्यार की उम्मीद लगाए बहुत सारे अनाथ बच्चों के सपने भी धुंधलाते रहते हैं। इसमें व्यावहारिक और पारदर्शी प्रक्रिया की दरकार है।

# शरीर की नाड़ी से और समाज की स्थिति नारी से चलती है पता : श्री हरि चैतन्यपुरी

### पूर्व सीएम हरीश रावत, भागीरथ चौधरी, ऊषा चौधरी आदि ने लिया आर्शीवाद

रामनगर (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर एवं संत श्री श्री 1008 स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहां श्री हरि कृपा आश्रम में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि मानव जीवन की ही महिमा है कि वह अपने लिए, समाज के लिए, व परमात्मा के लिए उपयोगी हो सकता है। त्याग पूर्वक शांत होकर अपने लिए उदारता पूर्वक सेवा करके समाज के लिए आत्मीयता पूर्वक प्रेम करके परमात्मा के लिए उपयोगी होता है। शांत, उदार व प्रेमी भक्त हो जाना यह मानव जीवन की ही महिमा है। जो शांत होगा वह उदार तथा जो उदार होगा वह भक्त होगा। ऐसे जीवन ही पूर्ण जीवन है व ब्रह्मा का साक्षात्कार भी यही है। त्याग संसार का नहीं अपितु ममता, अहंकार, अधिकार, लोलुपता, आसक्ति आदि का करना है। उन्होंने कहा कि आग्रह, दुराग्रह, संग्रह, परिग्रह, निग्रह इन पांचों ग्रहों के रहते प्रभु का अनुग्रह नहीं मिलता। इन पांचों से स्वयं विचार पूर्वक मुक्त हो सकते हैं। अन्य साधन से नहीं। दूसरों के कर्तव्य पालन की चिंता ना करके अपना कर्तव्य पालन करें। दूसरों के बारे



में सोचना ही है तो सर्वहितकारी चिंतन करें। किसी के भी जीवन में अशांति, वेदना, दुख, कलेश ना रहे। दूसरों के दोषों का चिंतन तो कदापि ना करें। निष्कामता के ऐश्वर्या से, निर्विकारता के सौंदर्य से व आत्मीयता के माधुर्य से जिनका जीवन भरा है उनसे अधिक ऐश्वर्यावान, सौंदर्यवान व माधुर्यवान और कौन होगा ? उन्होंने कहा कि वर्तमान में समाज में निरंतर नैतिकता, राष्ट्रीयता व चरित्र का हो रहा ह्रास अत्यधिक चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि तीर्थस्थलों, उपासना स्थलों, प्राकृतिक रमणीय स्थलों, हिमालय इत्यादि में शांति मिलती है। लेकिन उस शांति को बरकरार रखना या ना रखना हमारे ऊपर निर्भर करता है। परमात्मा का स्मरण मात्र मुख से नहीं साथ ही हृदय से यदि हो तो विशेष लाभदायक होता है। धर्म से, गुरु या किसी संत से अथवा परमात्मा से यदि आप जुड़े हैं तो आपका और भी अधिक उत्तरदायित्व हो जाता है कि आपके आचरण,स्वभाव, खानपान,वाणी, संगति आदि और भी श्रेष्ठ हो।उन्होंने अपने दिव्य व ओजस्वी प्रवचनों से सभी हरि भक्तों को मंत्र मुग्ध व भाव विभोर कर दिया।कार्यक्रम में हजारों भक्तों के साथ साथ पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, चेयरमैन मौ. अकरम, पूर्व न. पा. अध्यक्ष भागीरथ चौधरी, पूर्व मेयर अध्यक्ष श्रीमती ऊषा चौधरी, पूर्व मंत्री पुष्कर दुर्गापाल, भाजपा व कांग्रेस के अनेक वरिष्ठ नेता, अनेक अधिकारी श्री महाराज जी के दर्शन कर आशीर्वाद लेने पहुँचे।

# गदरपुर आवास विकास की रामलीला में हुआ सीता हरण का मंचन

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री शिव पार्वती रामलीला आवास विकास कमेटी के प्रेम सचदेवा की अध्यक्षता में रामलीला मंचन की नवम रात्रि को नाट्य कला परिषद के व्यवस्थापक विकास तनेजा व निर्देशक रूपेश वाधवा के निर्देशन में कलाकारों द्वारा सुंदर अभिनय की प्रस्तुति मे सीता हरण की लीला मंचन किया गया प्रस्तुति से उपस्थित लोगों ने कलाकारों द्वारा किए गए अभिनय की सराहना की वहीं मंच पर अपने अभिनय की छाप छोड़ने वाले एवं शिव पार्वती रामलीला में श्रृंगार करता के रूप में उत्तराखंड के गौरव के संपादक गौरव बत्रा अपनी सेवा दे रहे है वही आज रामलीला मंचन के सीता हरण के मंचन में रिक्कू भुसरी ने राम,व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड ने लक्ष्मण ,सीता के किरदार को करन कालड़ा ने बखूभी निभाया अपने



अभिनय की बदौलत सुर्खियों में रहने वाले संजीव नागपाल ने रावण का किरदार निभाया पंडाल में आई जनता जनार्दन ने तालियां बजाकर नाट्य कला परिषद के कलाकारों का उत्साह वर्धन किया निर्देशक रूपेश वाधवा ने साधु रावण के रूप में अभिनय को लोगों ने खूब सराहा रामलीला मंच पर मंच प्रबंधक के रूप में राजू कालड़ा एवं रिंकू शर्मा निस्वार्थ भाव से अपनी सेवा दे रहे है मंच संचालन राकेश भुद्दी बंटी भैया एवं विकास तनेजा द्वारा किया गया। श्रीराम लीला मंचन के दौरान कमेटी अध्यक्ष प्रेम सचदेवा, महामंत्री रमन छाबड़ा, कोषाध्यक्ष जुगनू डंग, महावीर दल अध्यक्ष बंटी छाबड़ा पंजाबी महासभा के संगठन मंत्री अंकित खेड़ा, व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़, जियो जिंदगी व्यवस्थापक हिमांशु सुखीजा, साहिल गाबा, संतलाल हुडिया, राकेश भुड्डी, राजकुमार गुंबर, वीरेंद्र गगनेजा, केवल फुटेला, मनोज पांडे, सुनील छाबड़ा, कमल अनेजा, मदन अरोड़ा, नवल खेड़ा, हरीश रेलहन, संजय डावर, सचिन गुप्ता, रिकू भुसरी, साहिल गुंबर, अशोक बजाज, मनीष सेतिया सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# पुलिस कर्मियों के आवास हेतु 100 करोड़ की धनराशि का प्राविधान किया जाएगा : धामी

### पुलिस एवं अर्द्ध सैन्य बलों के शहीदों को सीएम ने दी श्रद्धांजलि

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को देहरादून पुलिस लाईन में पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस एवं अर्द्ध सैन्य बलों के शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सेवा के दौरान पुलिस कर्मियों की अकाल मृत्यु होने पर आश्रित परिवार को तत्काल 01 लाख आर्थिक सहयोग दिए जाने के लिए पुलिस शहीद कल्याण कोष के लिए 02 करोड़ की धनराशि दी जायेगी एवं पुलिस कर्मियों के आवास हेतु 100 करोड़ की धनराशि का प्राविधान किया जाएगा। उन्होंने पुलिस द्वारा इस वर्ष भी कांवड़ यात्रा में आए करीब 4 करोड़ से



अधिक एवं चारधाम यात्रा में लगभग 50 लाख श्रद्धालुओ को सुरक्षित पहुंचाने और राज्य में हुई जी-20 सम्मेलन कि तीन बैठकों में सुरक्षा व्यवस्था की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा उत्तराखण्ड पुलिस के अन्तर्गत एक त्रिस्तरीय एंटी नारकोटिक फोर्स का गठन किया गया है, जिससे 2021 से अब तक 04 हजार से ज्यादा अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए लगभग 40 करोड़ के नारकोटिक पदार्थ बरामद किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्मार्ट पुलिसिंग की परिकल्पना को साकार करते हुए पुलिस जवानों के कार्यस्थल एवं उनके बैरकों को स्मार्ट बनाए जाने के लिए भवन निर्माण हेतु 36 करोड़ रूपये की धनराशि को बढ़ाते हुए 57 करोड़ स्वीकृत किया गया है। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी, मेयर सुनील उनियाल गामा, विधायक खजान दास, विनोद चमोली, मुन्ना सिंह चौहान, सविता कपूर, मधु चौहान, अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, पूर्व पुलिस महानिदेशक अनिल रतूड़ी एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# भारतीय कबड्डी टीम के कप्तान ने राज्यपाल से की भेंट

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शनिवार को राजभवन में भारतीय कबड्डी टीम के कप्तान पवन सहरावत ने शिष्टाचार भेंट की। हाल ही में चीन में सम्पन्न हुए एशियाई खेलों में उनकी कप्तानी में भारत ने स्वर्ण पदक जीता है, जिसके लिए राज्यपाल ने बधाई दी और उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। राज्यपाल ने कहा कि वे हमारे युवाओं



के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने खिलाड़ियों पर गर्व है कि उनके उत्कृष्ट खेल से इस वर्ष एशियाई खेलों में रिकॉर्ड 107 मेडल जीते हैं। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड के युवाओं में कबड्डी खेल में बेहतर करने की संभावनाएं हैं। युवाओं को इस प्रकार के खिलाड़ियों से सीख लेने की जरूरत है। इस अवसर पर राज्यपाल ने उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# कार का शीशा खोलकर बाहर की ओर देखे बिना थूक दिया था!

### युवक से मारपीट करने और फायर झोंकने के आरोप में गढ़वाल विवि के चार छात्र दबोचे

देहरादून (उद संवाददाता)। ऋषिकेश में चंद्रभागा पुल के पास व्यक्ति से मारपीट करने और फायर



झोंकने के आरोप में गढ़वाल विवि के चार छात्रों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से एक छात्र ने अवैध पिस्तौल से फायर कर उसे कूड़ेदान में फेंक दिया था। आरोपी की निशानदेही पर पिस्तौल भी बरामद कर ली गई है। आरोपियों को न्यायालय के आदेश पर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि शुक्रवार रात को चंद्रेश्वर नगर निवासी दीपक जायसवाल ने कोतवाली ऋषिकेश को शिकायत की थी। बताया था कि वह रात के समय सब्जी मंडी से घर लौट रहे थे। चंद्रभागा पुल के पास खड़ी एक कार की पिछली सीट पर बैठे युवक ने शीशा खोलकर बाहर की ओर देखे बिना थूक दिया, जो उनके ऊपर गिर गया। इस बात को लेकर दीपक ने टोका तो युवक आक्रोशित हो गए। गाड़ी से उतरे चारों युवकों ने दीपक जायसवाल के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच एक युवक ने पिस्तौल से फायर कर दिया। गनीमत रही कि फायर हवा में हुआ। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर गाड़ी की तलाश शुरू की। सीसीटीवी फुटेज से कार का नंबर मिलने पर पता चला कि आरोपी श्रीनगर मार्ग की ओर गए हैं। पुलिस ने रास्ते में ही आरोपियों की कार रुकवा ली। कार में चार युवक बैठे हुए थे। इन्होंने अपने नाम समरजीत तेवतिया निवासी पिलखुआ, हापुड़, हिमांशु निवासी तुमडैल गिरधरपुर, हापुड़, दलीप भुरान निवासी अलवर राजस्थान और रियांश ढाका निवासी बीकानेर राजस्थान बताए। पुलिस को बताया कि चारों गढ़वाल विवि के छात्र हैं।

# 55 लीटर अवैध कच्ची शराब समेत एक कारोबारी गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। कुंडेश्वरी चौकी पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के ठिकाने पर दबिश देकर वहां से एक कारोबारी को दबोच कर उसके कब्जे से 55 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया। कार्यवाही के दौरान पुलिस ने भारी तादाद में लहन नष्ट करते हुए मौके से शराब बनाने के उपकरण कब्जे में ले लिए। जानकारी के मुताबिक पिछले कुछ समय से कुंडेश्वरी चौकी पुलिस को सूचना मिल रही थी कि जगतपुर के जंगल में अवैध कच्ची शराब के कारोबारी कानून की आंख में धूल झोंक कर बड़े पैमाने पर कच्ची शराब के कारोबार में लिप्त है इसी सूचना पर हरकत में आई पुलिस टीम ने बताएं स्थान की घेराबंदी कर वहां से वार्ड नंबर एक रामपुरा निवासी संतोष सिंह पुत्र स्वर्गीय हाकम सिंह को दबोच कर उसके कब्जे से 55 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया। कार्यवाही के दौरान पुलिस ने शराब की भट्ठियों को ध्वस्त करते हुए भारी तादात में लहन नष्ट कर दिया। गिरफ्तार कारोबारी से जरूरी पूछताछ के बाद उसका धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

# दरबार में घाटे वाले के दुख दर्द मिटाये जाते हैं..

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत श्री राजेन्द्र अग्रवाल के सानिध्य में श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार श्री जितेंद्र कुमार वर्मा जी, दुर्गा पूजा प्रांगण (मैदान), काशीपुर रोड, दानपुर में सजाया गया। जहां दूर दराज से पहुंचे भक्तों ने दरबार में पहुंचकर अपनी अपनी हाजिरी लगाई एवं भजनों का भरपूर आनंद लिया। दरबार का शुभारंभ विधि वत रूप से ज्योत प्रज्वलित कर श्री गुरु वंदना, श्री गणेश वंदना, श्री प्रेतराज जी की आरती, श्री हनुमान चालीसा, आज शनिवार है महावीर का वार है सच्चे मन से जो कोई गावे उसका बेड़ा पार है भजन से हुआ। दरबार में पहुँचने पर महन्त श्री अग्रवाल का कमेटी द्वारा फूल मालायें पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। महंत जी ने याही में भागवत याही में गीता, जलती रहे घाटे वाले ज्योत तेरी जलती रहे, छोड़ सारी दुनिया मैं आया तेरे द्वारे, जो प्रेम से बोलेगा मेरे बाबा के जयकारे भजन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात महंत जी पर दूत महाराज का आवाहन हुआ एवं सभी भक्तों ने दूत महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया । वही भजनों की श्रृंखला में



अजय जायसवाल ने दरबार में घाटे वाले के दुख दर्द मिटाये जाते है , बिट्टू अरोरा ने इतनी कृपा बालाजी बनाये रखना, शिव कुमार ने श्री राम जय राम जय जय राम, लवी अरोरा ने जैसा चाहो मुझको समझना, पवन खेड़ा ने चलो दर्शन को मेंहदीपुर चलिये, रोहन भटनागर ने भरदे झोली बाबा, गोविंद ग्रोवर ने मेरा बाबा मेरे साथ है, कृष्ण छाबड़ा ने मेरा बाबा बजरंग बाला, महेंद्र बंसल ने ऐ बालाजी घाटेवाले आदि भजन सुनाकर सबको भक्तिमय कर दिया। उसके पश्चात बाबा का पच्चीसा हुआ एवं श्री सीताराम जी की, श्री बालाजी महाराज जी की, श्री भैरव बाबा की आरती हुई एवं बाबा की आरती के छीटें एवं बाबा का भोग लगाने के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा, खघ्रैत कुमार, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, शिव कुमार, लवी अरोरा, आयुष अरोरा, सौरभ अग्रवाल, मयंक बंसल, मनदीप वर्मा, मोनू वर्मा, कुशाल सिंह, गोपाल कुमार, अभिजीत राय, उत्कर्ष कुमार, अभिषेक शुक्ला, प्रदीप वर्मा, अमित अग्रवाल, नरेश शर्मा, सीताराम मिश्रा, योगेश कुमार, मोहित वर्मा, जितेंद्र वर्मा, संजय वर्मा, डॉ बी के रॉय, कैलाश मौर्या, गौरव शर्मा, रामनारायण, राजेश कुमार, डम्पी चोपड़ा, जीवन कुमार, अशोक हुड़िया, प्रेम सिंह, पंकज कक्कड़, सौरभ अग्रवाल, भूपेन्द्र सिंह, नरेश दत्ता, ध र्मवीर चौधरी, अजय जायसवाल, पवन खेड़ा, अंटू रस्तोगी, बबलू रस्तोगी, पप्पू कश्यप, गोविंद कुमार, वैभव गगनेजा, हरीश कालरा, विराट कुमार आर्य, राजा राधे, मनीष गोयल, विक्की यादव, मोहित देवल, मोहित नारंग एवं गौरव अग्रवाल आदि सैंकड़ों भक्त मौजूद थे।

# दुर्गा पूजा में किया प्रतिभाग

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने शहर की विभिन्न बस्तियों और ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर तकरीबन एक दर्जन दुर्गा पूजन कार्यक्रम और मां भगवती के जागरण में प्रतिभाग किया। इससे पूर्व श्रीमती शर्मा ग्राम दानपुर पहुंची, जहां उन्होंने ग्राम प्रधान श्रीमती पूजा वर्मा बर्मा, और मनदीप वर्मा के संयोजकत्व में आयोजित दुर्गा पूजा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर बाहर से आए हुए कलाकारों और स्थानीय बच्चों



द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। यहां श्रीमती शर्मा ने मां दुर्गा की पूजा की और क्षेत्र की खुशहाली, तरक्की और आपसी भाईचारे के लिए मां दुर्गा से प्रार्थना की स यहां पहुंचने पर कार्यक्रम आयोजकों द्वारा श्रीमती शर्मा, कांग्रेस नेता अनिल शर्मा, और यूथ कांग्रेस के संतोष गुप्ता, का पीत वस्त्र डालकर एवं फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित भी किया स यहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने मां दुर्गा पूजा कार्यक्रम में भाग लिया।

# धूमधाम के साथ मनाई महाराजा अग्रसेन जयंती

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्री अग्रवाल सभा द्वारा श्री महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसमें नगर और आसपास के सभी अग्रवाल परिवारों द्वारा भागीदारी की गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः अग्रसेन




पार्क, अग्रसेन प्याऊ, अग्रसेन चौक पर महाराजा अग्रसेन जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया गया। साथ ही बाजार में प्रसाद वितरित किया गया। तत्पश्चात 18 गोत्रों के प्रतीक के रूप में 18 जोड़ों के द्वारा हवन पूजन किया गया तथा ध्वज स्थापना की गई। उसके बाद सायं बच्चों के द्वारा धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छोटे बच्चों का फैंसी ड्रेस कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्कूली बच्चों की महाराजा अग्रसेन को जानो सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें जूनियर वर्ग में अर्चित अग्रवाल व सीनियर वर्ग में किनिषा अग्रवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पिछले एक वर्ष में हाई स्कूल और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तीर्ण बच्चों का मेधावी छात्र अभिनंदन किया गया। हल्द्वानी से अग्रवाल समाज के चार युवा इस साल का सीए बने तथा एक युवक ने एमबीबीएस एमएस क्लियर किया। इनको भी अग्रवाल सभा के मंच से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर उत्तरांचल अग्रवाल प्रदेश महासभा के अध्यक्ष अनिल गोयल व विजय भूषण गर्ग का अग्रवाल सभा के अध्यक्ष एवं महामंत्री ने स्वागत किया। अनिल गोयल ने अग्रवाल समाज को एकजुट होने और मिलकर कार्य करने की प्रेरणा दी। अग्रवाल सभा अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन अग्रवाल सभा महामंत्री राजेंद्र कुमार अग्रवाल, दीपक अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में संरक्षक भगवान सहाय अग्रवाल, बद्री प्रसाद गुप्ता, सुशील बंसल, विपुल अग्रवाल, कनव अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, तरुण बंसल, विनीत अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, सरिल गोयल, आलोक शारदा, भोलानाथ केसरवानी, अग्रवाल सभा के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।

# हाई टेक्नोलॉजी बढ़ाएगी चीनी मिल में पिराई की क्षमता

## गन्ना किसानों की समस्याओं पर शासन की रहेगी निगरानी

सितारगंज(उद संवाददाता)। दि किसान सहकारी चीनीमिल को लीज पर लेने वाली कम्पनी ने पुरानी मशीनरी को हटाकर मिल में नई तकनीकी उपकरण शिफ्ट कर दिये है जिससे प्रथम चरण की पेराई में मिल में गन्ने की पेराई 25 फीसदी तक बढ़ जाएगी डीएम ने निजी कम्पनी के डायरेक्टरों के साथ अपग्रेड की गई चीनीमिल का निरीक्षण किया डीएम ने साफ कहा कि गन्ना किसानों की समस्या, समय पर भुगतान वाले बिंदु पर शासन की नजर बनी रहेगी इसके साथ ही कम्पनी मिल परिसर में एथनॉल प्लांट भी संचालित करेगी। जेजीएन शुगर एंड बायोफ्यूलय प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी ने दि किसान सहकारी चीनीमिल को 30 वर्ष के लिए लीज पर ले लिया है जिसके बाद प्राइवेट कम्पनी ने चीनीमिल में उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए पुरानी मशीनों को हटाकर हाइटेक टेक्नोलॉजी से जुड़ी नई तकनीकी मशीनों को शिफ्ट किया है चीनीमिल परिसर का आधुनिकरण के बाद शनिवार को डीएम उदय राज सिंह, जेजीएन शुगर एंड बायोफ्यूलय प्राइवेट लिमिटेड



कम्पनी के डायरेक्टर नवीन झांजी, नरेश झांजी, पूर्व जीएम राजीव लोचन शर्मा ने निरीक्षण किया निजी कम्पनी ने मिल में व्यावलिंग हाउस, पैकेजिंग व्यवस्था, वेयरक्रेन समेत पूरे सिस्टम को बदला है ताकि मिल में गन्ने की पेराई बढ़ सके डीएम उदय राज सिंह ने कहा कि अगले सत्र में नई तकनीक के साथ पेराई सत्र का शुभारम्भ होना है उन्होंने कहा कि मिल नई टेक्नोलॉजी से करीब 25 फीसदी गन्ना परोई बढ़ेगी गन्ना किसानों की समस्या और समय से भुगतान वाले बिंदु पर शासन की नजर बनी रहेगी गन्ना किसानों को किसी प्रकार की समस्या का सामना नही करना पड़ेगा इस मौके पर मनोरथ भट्ट मौजूद रहे।

# राम काज कीन्हें बिनु मोहि कहां विश्राम

## सुबह आग से हुआ मंचन का सारा सामान खाक, भक्तों ने कर दिखाया समय रहते प्रभुकाज

पन्तनगर(उद संवाददाता)।श्री रामलीला मंचन के सातवें दिन सुबह करीब साढ़े आठ बजे आग लगने से मंचन का सारा सामान जल कर खाक हो गया था, किन्तु प्रभुकाज करने को नया सामान समय रहते लाकर श्री रामलीला मंचन को सुचारू रखा गया। शनिवार को हल्दी क्षेत्र में हो रहे श्रीरामलीला मंचन के सातवें दिन अचानक सुबह शार्ट सर्किट से आग लग जाने के कारण लगभग 50 साल पुराना इतिहास जलकर खाक हो गया। मंचन से संबन्धित सभी नयी पुरानी सामग्री आग की चपेट में आ कर खाक हो गयी थी। किन्तु प्रभु की माया ऐसी रही कि जहाँ लोगों ने सोच लिया था कि अब मंचन नहीं किया जाएगा तो वहीं रामलीला कमेटी, हल्दी के कुछ पदाधिकारियों सुनील कुमार, शिवचन्द्र (बिल्लू), शशिकान्त मिश्रा, शिवम कालिया ने स्वयं के विवेक पर बरेली जाकर सामाग्री लाने का निर्णय लिया, कमेटी के अन्य पदाधिकारीयों व



कुछ कलाकारों नरेश कुमार, पंकज सिंह, निखिल प्रसाद, प्रमेन्द्र मिश्रा, अनिल सिंह, राकेश सैनी, कामेश्वर पाण्डे, प्रमोद कुमार द्वारा घटना स्थल का मोर्चा संभाला गया और साफ सफाई आदि कर जो शस्त्र आदि को पुनः मरम्मत कर उपयोग किया जा सकता था उसकी मरम्मत का कार्य किया गया। तो वहीं दूसरी ओर कमेटी के पदाधिकारी शोभित सक्सेना और पवन दूबे ने स्थानीय प्रशासन को घटना की जानकारी लिखित में करा कर रात्रि मंचन हेतु आवश्यक मेकअप की सामाग्री लाने का कार्य किया गया। आग लगने से मंचन जिस पंजिका में लिखा गया था उसका कुछ भाग भी जल चुका था जिसके बावजूद भी रामलीला के संयोजक आशीष ढांडा द्वारा मंचन को सुचारु रुप से चालू रखा। शनिवार के मंचन में विभिषन शरणागत, सेतु बन्ध, ऋषिकुमार वध एवं रावण अंगद संवाद के दृश्यों का मंचन किया गया। रावण की भूमिका में ध मेंन्द्र मिश्रा, अंगद की भूमिका में सत्येन्द्र मिश्रा, राम की भूमिका में प्रमेन्द्र मिश्रा, लक्ष्मण की भूमिका में रवि पटेल, हनुमान की भूमिका में शशिकान्त मिश्रा, सुग्रीव की भूमिक में हरेराम राय तो जामवंत की भूमिका में रूपक राय ने दर्शकों का मन मोहा। व्यास पीठ पर टेकबहादुर, जय और राहुल ने भजन आदि से भक्तिमय समां बांधे रखा।

# जागरण में पूर्व विधायक ठुकराल को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने वार्ड नंबर 16 देव होम्स वेलफेयर सोसाइटी, रूद्रा एनक्लेव हाउसिंग वेलफेयर सोसाइटी, गणेश गार्डन सोसायटी व



खेड़ा संतोषी माता मंदिर में आयोजित मां भगवती जागरण में पहुंचकर मां भगवती का गुणगान सुना। जागरण के शुभारम्भ अवसर पर पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से मन में नई उर्जा का संचार होता है। धार्मिक आयोजन आपसी सदभाव बढ़ाने के साथ ही युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जुड़ने का अवसर भी प्रदान करते हैं। श्री ठुकराल ने कहा आप पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आकर युवा पीढ़ी भारतीय संस्कृति से दूर होती जा रही है। अपनी संस्कृति को बचाने के लिए आज युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में धार्मिक आयोजना से जोड़ना जरूरी है। उन्होंने कहा कि ध ार्मिक आयोजन धर्म की राह पर चलने की प्रेरणा देते हैं। इसअवसर पर आयोजकों कमेटी ने पूर्व विधायक ठुकराल व समाजसेवी संजय ठुकराल को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। पूर्व विधायक ठुकराल ने धार्मिक आयोजनों में हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर समाजसेवी गगन ग्रोवर पिंटू पाल, शालू पाल, बबलू पाल, संजय पाल, हरिओम पासवान, अजय कुमार,बंटी कोली आदि भक्त जन मौजूद थे।

# पेज एक का शेष...

**छत से धक्का देकर...** बजे खबर मिली कि भाई का शव लहुलुहाल हालत में नागेश के घर के बाहर पड़ा है। मृतक की बहन ने नागेश साहनी पर छत से ध क्का देकर भाई को मारने का आरोप लगाया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घटना के अनावरण के लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया।पुलिस ने घटना के बाद फरार चल रहे नागेश उर्फ नागेन्द्र उर्फ नागा पुत्र निरसु साहनी निवासी भदईपुरा वार्ड न0 14 थाना फ्लाई ओवर के नीचे काशीपुर रोड से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाल विक्रम राठौड, वरिष्ठ उपनिरीक्षक कमाल हसन, अर्जुन गिरी , उपनिरीक्षक विकास कुमार, जयप्रकाश, कांस्टेबल अमित जोशी ,गणेश धानिक, महिला कांस्टेबल ममता आर्या आदि शामिल थे।

**उत्तराखंड पुलिस की ...** ही पुलिस की सोशल मीडिया टीम ने डीपी को बदला। एसटीएफ एसएसपी आयुष अग्रवाल और साइबर पुलिस की टीम इसकी जांच में जुट गई है।

# मारपीट व धमकी में सात के खिलाफ मुकदमा

काशीपुर(उद संवाददाता)। गाली गलौज मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के एक मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर 7 लोगों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर वार्ड नंबर एक रमपुरा निवासी पूजा कौर पत्नी भीम सिंह ने बताया कि पड़ोस में रहने वाली उसकी रिश्ते में जेठानी यानी पति की भाभी परमजीत कौर पत्नी स्वर्गीय समरजीत सिंह ने घर में अवैध कच्ची शराब की भट्टी लगा रखी है। सुबह सवेरे से लेकर देर रात तक पड़ोस में पति की भाभी के यहां नशेड़ी तथा अपराधी तत्वों का आवागमन लगा रहता है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उसके रिश्ते की जेठानी परमजीत कौर, उसकी पुत्री सिमरन कौर, सुमन कौर, पुत्र अमन इंदर सिंह पुत्र जसवंत सिंह तथा बब्बू कौर पत्नी जसवंत सिंह कानून की आंख में धूल झोंककर घर से भारी पैमाने पर अवैध कच्ची शराब की कारोबार में लिप्त है। मुंह खोलने पर उसने जान से मारने की धमकी दी।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# विजय भूषण बने वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कुमांऊ प्रभारी

## प्रदेश अग्रवाल महासभा की कार्यकारिणी का हुआ विस्तार, कुमांऊ मण्डल के तीन जिलों की कार्यकारिणी भी गठित





हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तरांचल प्रदेश अग्रवाल महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल गोयल ने यहां अतिथि रेस्टोरेंट में आयोजित प्रेस वार्ता के में उत्तरांचल प्रदेश अग्रवाल महासभा उत्तराखंड के कुमाऊँ मंडल की प्रदेश कार्यकारिणी एवं कुमाऊँ मंडल के 3 जिलों उधम सिंह नगर, नैनीताल एवं अल्मोड़ा की जिला कार्यकारिणी की घोषणा की। अनिल गोयल ने पत्रकार वार्ता में बताया कि उत्तराँचल प्रदेश अग्रवाल महासभा की कुमाऊँ मंडल में 7 जिलों, 7 महानगर तथा 16 नगर स्तर पर कार्यकारिणी के गठन की योजना हैं जिनमें से 3 जिलों की कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गयी है तथा शेष 4 जिलों की कार्यकारिणी की घोषणा भी शीघ्र की जायेगी। अनिल गोयल ने विजय भूषण गर्ग को उत्तरांचल प्रदेश अग्रवाल महासभा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कुमाऊँ मंडल का प्रभारी घोषित किया। साथ ही कैलाश गर्ग को संरक्षक, दयाराम जिन्दल संरक्षक, निरंजन दास गोयल संरक्षक, सत्यभूषण सिंगला उपाध्यक्ष, भगवान सहाय अग्रवाल- सलाहकार समिति, श्याम अग्रवाल हल्द्वानी सलाहकार, तरुण बंसल - संगठन मंत्री, कमल जिंदल उपाध्यक्ष, राजेश बंसल उपाध्यक्ष, डॉ० शैलेन्द्र मोहन सिंघल उपाध्यक्ष, वेद प्रकाश बंसल- उपाध्यक्ष, रोशन लाल अग्रवाल सितारगंज उपाध्यक्ष, रोहताश अग्रवाल- उपाध्यक्ष, प्रमोद गोयल उपाध्यक्ष, शरद गोयल संगठन मंत्री, दर्शन लाल गोयल मंत्री, प्रमोद अगवाल गोल्डी प्रवक्ता सहित अन्य पदाधिकारियों की घोषणा की गयी। जिला कार्यकारिणी के लिए नैनीताल जिले से राजीव अग्रवाल- अध्यक्ष, विनीत अग्रवाल- महामंत्री, देवेश अग्रवाल कोषाध्यक्ष, उधम सिंह नगर जिले में महेश मित्तल-अध्यक्ष, अतुल बंसल- महामंत्री, रन्जन अग्रवाल कोषाध्यक्ष, नितेश गुप्ता जिला संगठन मंत्री अल्मोड़ा जिला से बद्री विशाल अग्रवाल अल्मोड़ा अध्यक्ष, अतुल अग्रवाल रानीखेत महामंत्री तथा संजय अग्रवाल अल्मोड़ा कोषाध्यक्ष नियुक्त किये गये। इसके अतरिक्त श्री अग्रवाल समाज की सभी संस्थाएं, उत्तराँचल प्रदेश अग्रवाल महासभा, उत्तराखंड से सम्बद्ध रहेंगी एवं उनके अध्यक्ष, महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष जिला कार्यकारिणी के पदेन सदस्य रहेंगे। इस अवसर पर अनिल गोयल उत्तरांचल प्रदेश अग्रवाल महासभा के संस्थापक अध्यक्ष स्व० सोहन लाल गुप्ता को याद किया गया तथा अग्रवाल समाज के सामाजिक कार्यों में भूमिका/ योगदान, अग्रवाल महासभा के सामाजिक प्रकल्पों तथा अग्रवाल महासभा के आगामी लक्ष्यों से अवगत भी करवाया गया तथा सम्पूर्ण अग्रवाल समाज से महाराजा अग्रसेन जी के पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर उत्तराँचल प्रदेश अग्रवाल महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल गोयल, विजय भूषण गर्ग, कैलाश गर्ग, भगवान सहाय अग्रवाल, राजेश बंसल, अतुल बंसल, महेश मित्तल, नितेश गुप्ता, रंजन अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, सुशील अग्रवाल(पप्पी), राजीव अग्रवाल (मुन्ना), अशोक अग्रवाल, तरुण बंसल, प्रमोद अग्रवाल गोल्डी, पियूष गोयल, देवेश अग्रवाल, नीरज प्रभात सहित अग्रवाल समाज रुद्रपुर, हल्द्वानी के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## भूखण्ड बेचने के नाम पर आठ लाख हड़पे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ग्राम भगवानपुर निवासी कामेश्वर प्रसाद सिंह पुत्र राजेश्वर प्रसाद सिंह ने सौंपे शिकायती पत्र में कहा है कि उसे ग्राम बिन्दुखेड़ा निवासी एक व्यक्ति ने अपनी भूमि को 28 लाख रूपये में बिक्री करने का विश्वास दिलाया और बताया कि उसकी भूमि ग्राम बिन्दुखेड़ा में वर्ग 1क कृषि भूमि है। उक्त भूमि की बिक्री के एवज में अग्रिम बयाना सात लाख रूपया जरिये चौक दिया गया और शेष 21 लाख रूपया प्राप्त करके उक्त भूमि का रजिस्ट्री बैनामा उसके हक में कर देने का विश्वास दिलाया। कामेश्वर का कहना है उक्त संबंध में नोटरी द्वारा प्रमाणित इकरारनामा तहरीर कर दिया। बाद में उक्त व्यक्ति भूमि की बिक्री करने से आना कानी करने लगा और रजिस्ट्री बैनामे की अवधि बढ़ाने के लिए मना करने लगा। उसे पता चला कि उक्त भूमि पर उक्त व्यक्ति ने पहले से ही बैंकों से ऋण लेकर भूमि बैंक में गिरवी रखा हुआ है। तो उक्त व्यक्ति को जरिए रजिस्टर्ड नोटिस अपने अधिवक्ता के माध्यम से सूचना दिया। किन्तु उसने छल कपट करते हुए उसके द्वारा दिये गए बयाने की धनराशि कुल 7 लाख रूपया हड़प लिया है। रुपए वापस मांगने पर उसे व उसके परिवार को जान से मार देने की धमकी दे रहा है। कामेश्वर का कहना है उपरोक्त घटना के संबंध में उसने प्रार्थना पत्र थाना रूद्रपुर में दिया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। एसएसपी ने मामले की जांच के निर्देश दे दिए हैं।

## दुर्गा पूजा महोत्सव के डांस कंपटीशन में अभिषेक रहे विजेता





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री श्री शारदीय दुर्गा पूजा महोत्सव कमेटी, रवींद्र नगर द्वारा आयोजित श्री श्री शारदीय दुर्गा पूजा महोत्सव कार्यक्रम के तहत गत रात्रि आयोजित सप्तमी पूजन का उद्घघाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी प्रभाष स्वर्णकार, विशिष्ट अतिथि पंकज दास, जमन, निर्मल मंडल द्वारा रीवन काट कर किया गया।उनके सम्मुख वरिष्ठ नागरिक रविंद्र विश्वास द्वारा संध्या आरती की प्रस्तुति की गई। इसके बाद दुर्गा मंदिर प्रांगण में डांस कंपटीशन का आयोजन किया गया। जिसमें जज अजय दास और सन्नी के सम्मुख डांस कंपटीशन का समापन हुआ। इसमें सभी प्रतिभागी को परितोषित प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रथम द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से कलाकारों को पुरस्कृत किया गया। प्रथम स्थान पर अभिषेक, द्वितीय स्थान पर शिवाऔर तृतीय स्थान पर विशू रही। इस मौके पर अध्यक्ष मानस सरकार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप विश्वास, उपाध्यक्ष संजय घोष, कोषाध्यक्ष गोपाल सरकार, सचिव शंकर मलिक, उपाध्यक्ष महेंद्र पाल विश्वकर्मा सह कोषाध्यक्ष कार्तिक मंडल, उपसचिव महेश मंडल, उपसचिव अर्जुन विश्वास, मीडिया प्रभारी हरीश अरोड़ा काकू, सुकुमार वेद, हीरा मंडल, विवेक माल्दार, सदानंद मंडल, जयप्रकाश, गोपाल शाह, श्रीमती शांति मंडल, श्रीमती विंध्य सरकार, श्रीमती चंदन हालदार, सुशांत सरकार, कमलेश आदि मौजूद थे।

